# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in

जयपुर, गुरूवार 11 अप्रैल, 2024 » वर्षः 2 » अंकः 166 » पृष्ठः 8 » मूल्यः 2.00 रू.


## कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल भाजपा में शामिल, डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कांग्रेस को बताया कोरोना




**जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में कांग्रेस नेताओं के शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। एक के बाद एक बड़े नेता कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा के कमल को थाम रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस को जयपुर में बड़ा झटका लगा है। विद्याधर नगर से कांग्रेस के दो बार प्रत्याशी रहे सीताराम अग्रवाल ने कई पार्षदों के साथ भाजपा की सदस्यता ले ली। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी और ओंकार सिंह लखावत ने सीताराम अग्रवाल के साथ आए तीन सौ से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान सीताराम अग्रवाल ने कहा कि सुबह का भूला शाम को घर आ गया है, हालांकि आने में 10 साल लगे। लेकिन अब पीएम मोदी के 400 पार के नारे को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि जिस तरह से कोरोना से मुक्ति मिली है, वैसे ही जल्दी राजस्थान में कांग्रेस से भी मुक्ति मिलेगी। सीताराम अग्रवाल ने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन का आज महत्वपूर्ण दिन है। आज मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, यह मेरे लिए इस तरह से है कि सुबह का भूला शाम को घर आए। मैं 10 साल पहले रास्ता भूल गया था, अब मुझे रास्ता मिल गया और मैं भाजपा परिवार में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि देर आए, लेकिन दुरुस्त आए। मैं लेट से आया हूं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के सपने को पूरा करने में कहीं पर भी पीछे नहीं रहूंगा। सीताराम अग्रवाल ने कहा कि जैसे ही मेरे भाजपा में शामिल होने की चर्चा सामने आई, उसके बाद से मेरे ऊपर लगातार काफी दबाव रहा। रात एक बजे तक मुझे दबाव में लेने की कोशिश की गई। इसलिए मुझे घर से बाहर तक रहना पड़ा। सीताराम अग्रवाल ने कहा कि मैं सौगंध खाता हूं कि कभी बीजेपी को धोखा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को हम सब मिलकर साकार करेंगे। राजस्थान में 25 की 25 सीट फिर से बीजेपी जीतेगी, इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जीत तो राजस्थान में बीजेपी की सभी सीटों पर होनी है, लेकिन हमें और अधिक मार्जिन से जीतना है और इसी के लिए हम सब मिलकर आज से ही जुट जाएंगे। उधर, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सीताराम अग्रवाल परिवार में शामिल हुए हैं।

# भाटी को घेरने आ रही है बीजेपी नेताओं की फौज

**जयपुर**

राजस्थान की सियासत में बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट काफी सुर्खियों में है। निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने बीजेपी और कांग्रेस दोनों के सियासी समीकरणों को बिगाड़ रखा है। इधर, बीजेपी भाटी को रोकने के लिए विशेष प्लान के तहत काम कर रही है। 12 अप्रैल को खुद पीएम नरेंद्र मोदी भी चुनावी सभा करने वाले हैं। कुल मिलाकर बीजेपी भाटी को हर तरफ से घेरने का प्रयास कर रही है। लेकिन इस बीच रविंद्र भाटी अपने खास प्लानिंग के तहत लोकसभा क्षेत्र को छोड़कर गुजरात और महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। जिसकी सियासी गलियारों में जमकर चर्चा हो रही है। गुजरात और महाराष्ट्र में भाटी अपनी सियासी समीकरणों को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। इस दौरान गुजरात और महाराष्ट्र में रविंद्र सिंह भाटी के स्वागत में समर्थकों का जोश दिखाई दे रहा है। उससे सब हैरान है।

### भाटी को घेरने आ रही है बीजेपी नेताओं की फौज

बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाटी को रोकने के लिए बीजेपी के कई बड़े नेताओं के मोर्चा संभालने जा रहे हैं। बीजेपी नेता स्मृति ईरानी, योगी आदित्यनाथ और अमित शाह जैसे कई फायर ब्रांड नेताओं की रैलियां भाटी के इलाके में होने जा रही है। इसी के साथ बागेश्वर बाबा का वहां आ रहे हैं। माना जा रहा है कि एक बड़ा वोट बैंक भाटी के पक्ष में हैं और अगर उसे नहीं तोड़ा गया तो इस सीट से बीजेपी को हार का सामना करना पड़ सकता है।

## भाटी ने गुजरात और महाराष्ट्र में खेल दिया 'मास्टर स्ट्रोक'



### राजस्थान के बाहर भी दिखा भाटी का जलवा

बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में रविंद्र सिंह भाटी का जलवा सबको पता है। नामांकन रैली में युवाओं की भीड़ ने कांग्रेस और बीजेपी की नींदे उड़ा दी। लेकिन यह जलवा बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र में ही सीमित नहीं है, बल्कि गुजरात और महाराष्ट्र में भी रविंद्र सिंह भाटी का युवाओं में गजब का क्रेज देखने को मिला है। इस दौरान गुजरात और महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों में प्रवासियों को साधने के लिए भाटी ने जनसभाओं को संबोधित किया है। वहां भी भाटी ने अपने चिर परिचित अंदाज में राजस्थानी भाषा में संबोधित किया। जिसको सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सभा में लोगों का जो उत्साह दिखाई दे रहा है, उससे साफ लग रहा है कि रविंद्र सिंह भाटी का जलवा राजस्थान से बाहर लोगों में भी है।

### लोगों को उत्साहित देखकर भाटी भी हुए गदगद

*रविंद्र ने 8 अप्रैल को अहमदाबाद से प्रवासी वोर्ट्स को साधने का काम शुरू किया है। जो बड़ोदरा, भरूच, सूरत तक चला। जिसके बाद देर रात जब रविंद्र गुजरात-महाराष्ट्र की बॉर्डर पर पहुंचे तो रात को 2:15 बजे के करीब उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। इसे देख रविंद्र भाटी भी गदगद हो उठे। रविंद्र हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, पुणे और अन्य विभिन्न शहरों में बाड़मेरजैसलमेरबालोतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रवासियों से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनावों के लिए प्रवासियों का समर्थन और वोट जुटाने में लगे हुए हैं।*

### राजस्थान प्रवासियों को साधने का भाटी का 'मास्टर प्लान

बीजेपी भले ही रविंद्र सिंह भाटी को हर तरफ से घेरने के लिए जुटी हुई है, लेकिन भाटी ने इसका तोड़ निकाल लिया है। भाटी इस समय अपने लोकसभा क्षेत्र को छोड़कर गुजरात महाराष्ट्र में प्रवासियों को साधने में जुटे हुए हैं। रविंद्र सिंह भाटी 8 अप्रैल से प्रवासियों को संपर्क करने के लिए राजस्थान से बाहर हैं। वह 12 अप्रैल तक वहीं रहेंगे। इस बीच भाटी ने गुजरात और महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरों में जाकर जनसभाओं को संबोधित किया है। भाटी को सुनने के लिए हजारों की भीड़ पहुंच रही है।

## राजेंद्र गुढ़ा ने फिर पलटी मारी, शुभकरण चौधरी का विरोध छोड़ अब समर्थन में करेंगे प्रचार

### गहलोत का ऋण भी चुकाएंगे!

**जयपुर/झुंझुनूं।**

राजस्थान केझुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी से पूर्व विधायक रहे राजेंद्र सिंह गुढ़ा कल तक अपने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा निकाल रहे थे। इस यात्रा के दौरान वे झुंझुनू से भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी को मतदान नहीं करने की अपील कर रहे थे। गुढ़ा ने शुभकरण चौधरी पर जातिवादी और भ्रष्टाचारी होने का आरोप लगाते हुए खुलेआम ऐलान किया कि ये व्यक्ति झुंझुनू से हरगिज नहीं जीतना चाहिए। अब पिछले तीन-चार दिन में गुढ़ा ने दर्जनों गांवों में जाकर भाजपा प्रत्याशी को वोट नहीं देने की अपील की है। वहीं गुढ़ा बुधवार को भाजपा के पक्ष में खड़े हो गए हैं। जयपुर में राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने भाजपा के नेताओं के साथ एक होटल में प्रेस वार्ता की। इस प्रेसवार्ता में गुढ़ा ने कहा कि वे शिवसेना पार्टी से हैं और राष्ट्रीय स्तर पर शिवसेना का बीजेपी के साथ गठबंधन है। इसलिए वे राजस्थान भाजपा के सभी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। बता दें कि गुढ़ा ने 2018 में बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ा था, फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2023 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना से चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी शुभकरण चौधरी को चुनौती दी थी। और अब वो उन्हीं के समर्थन में खड़े नजर आएंगे। गहलोत राज में मंत्री रहे राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि वे शिवसेना शिंदे गुट के राजस्थान कॉर्डिनेटर हैं। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का एलायंस है।

## सैनिक स्कूलों में एक राजनीतिक विचारधारा लाने की कोशिशः खरगे

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को देश के सैनिक स्कूलों पर मंडराते राजनीतिकरण के खतरे की आशंका जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लेटर लिखा, जिसमें पार्टी ने आरोप लगाया कि बीजेपी नीत केंद्र सरकार देश के सैनिक स्कूलों में एक राजनीतिक विचारधारा लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस की ओर से यह लेटर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा, जिसमें उन्होंने एक आरटीआई से मिली जानकारी के हवाले से कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों में पीपीपी मॉडल के लागू किए जाने के बाद जो निजीकरण हो रहा है, उसमें लगभग 62 फीसदी स्कूलों का स्वामित्व बीजेपी व संघ से जुड़े लोगों के पास है। वहीं कांग्रेस ने राष्ट्रपति से मांग की कि राष्ट्रीय हित में कांग्रेस इस निजीकरण नीति को पूरी तरह से वापस लेने और इन एमओयू को रद्द करने की मांग करती है, ताकि सैनिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे राष्ट्र की सेवा के लिए जूरी चरित्र, दृष्टि और सम्मान बरकरार रख सकें। खरगे ने आजाद के बाद देश में सैनिक स्कूलों शुरू किए जाने की सोच को रेखांकित करते हुए कहा कि ये स्कूल भारत के पहले प्रधानमंत्री पं नेहरू द्वारा 1961 में स्थापित किए गए थे।

# कांग्रेसियों के खिलाफ प्रचार करेगी कांग्रेस, अपने ही गढ़ में किया गठबंधन

**जयपुर**



राजस्थान में बांसवाड़ा लोकसभा सीट कांग्रेस के जी का जंजाल बनी हुई है। यहां कांग्रेस खुद के कंडीडेट के खिलाफ ही प्रचार-प्रसार करती दिखेगी। खास बात यह है कि बांसवाड़ा सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है। लोकसभा चुनावों के 72 साल में पहली बार ऐसा होगा जब कांग्रेस का प्रत्याशी तो चुनावी मैदान में होगा, लेकिन कांग्रेस उसके खिलाफ प्रचार करेगी। दरअसल, यहां कांग्रेस ने भारत आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन किया है। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर अब तक 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं जिसमें से कांग्रेस ने 12 पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस यहां से लगातार पांच बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी बना चुकी है। इसके बाजवूद कांग्रेस को चुनाव से 6 महीने पहले बनी पार्टी से गठबंधन करना पड़ा। कांग्रेस यहां अपने प्रत्याशी तक खड़े नहीं करना चाहती थी। लेकिन कुछ स्थानीय नेताओं के दवाब के चलते प्रत्याशी खड़ा किया गया मगर जब पार्टी के बीएपी के साथ गठबंधन किया जो उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने से इनकार कर दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीया पार्टी बदलकर भाजपा में शामिल हो गए। वे यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में मालवीया को रोकने के लिए कांग्रेस को भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन करना पड़ा। प्रत्याशी और गठबंधन को लेकर डूंगरपुर और बांसवाड़ा के कांग्रेस के नेताओं में भी दो फाड़ हो गए हैं। डूंगरपुर के शीर्ष नेता कांग्रेस प्रत्याशी उतारने के मूड में नहीं थे, जबकि स्थानीय नेता गठबंधन के पक्ष में नहीं थे। पार्टी आलाकमान द्वारा भारत आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन के निर्णय के बाद भी कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वापस नहीं लिए। इसके चलते कांग्रेस ने 3 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्काषित कर दिया।

## शिकायतों के बीच चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, होर्डिंग पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान होना जरूरी

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। वह लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। इसी क्रम में आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

### इसलिए लिया फैसला

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया।

### आप ने भी उठाया था मुद्दा

आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है। बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी




बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं।'

# कांग्रेस में 17 बार पेपर लीक हुआः दौसा जिले के सभी छोटे-बड़े बांधों को जोड़ेंगे, यहां मोदी की गारंटी से पानी मिलेगाः सीएम

**दौसा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दौसा जिले के बहरावंडा गांव भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में चुनावी सभा की। सीएम के यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों ने उनका 21 किलो की फूलों की माला व तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। सीएम ने कहा पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को भ्रमित किया, झूठ बोलकर वोट लिए थे। यहां के लोग पानी से बहुत परेशान हैं। इसके समाधान के लिए आपकी बीजेपी सरकार ने ईआरसीपी को लाने का काम किया है। घर-घर जल पहुंचने के साथ 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर खेती की सिंचाई भी हो सकेगी। योजना में हमने बड़े बांधों के नाम दिए हैं। लेकिन इलाके के सभी छोटे बांध भी जोड़े जाएंगे। पूर्वी राजस्थान पानी से परेशान रहता था। जल स्तर गिरने से हमारे किसान परेशान हैं। मैं कहना चाहता हूं यह मोदी की गारंटी है कि यहां के लोगों को पानी मिलेगा। कांग्रेस ने ईआरसीपी योजना को अटकाने, लटकाने, भटकाने का काम किया, जल जीवन मिशन का पूरा पैसा नहीं लगाया और भ्रष्टाचार किया। अब कह रहे हैं कि ईडी आ रही है। 70 साल में कांग्रेस ने देश को लूटा व भ्रष्टाचार किया। दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से विकास को गति मिलेगी। बीजेपी सरकार ने 450 में गैस सिलेंडर दिया है, पेट्रोल-डीजल के दाम कम किए। देश के लोगों के मन की बात पीएम मोदी अच्छे से जानते हैं। किसानों को सम्मान निधि की राशि बढ़ाई और भी बहुत काम अभी करने बाकी हैं।





### पेपर लीक पर कांग्रेस को घेरा

सीएम ने कहा कांग्रेस सरकार में 17 बार पेपर लीक हुए, युवाओं के सपनों को बेचा गया। उनके शासन में ऐसे पाप हुए हैं। पेपर लीक रोकने के लिए स्ङ्क्ष्ज्ञ गठित की और 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी तो पेपर लीक का सौदा करने वाले बाकी हैं, कोई कितना बड़ा आदमी हो, उनको सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा राजस्थान शांति, शक्ति, भक्ति का प्रदेश रहा है, लेकिन पड़ोसी राज्यों में बीजेपी सरकार थी तो बदमाश यहां आ गए और अपराध बढ़े। जिसे रोकने के लिए हमने एंटी गैंगस्टर फोर्स का गठन किया जो ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों के हित में गेंहू की एमएसपी के दाम बढ़ाकर 2400 रुपए किया है। बुजुर्गों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाकर उनका मान सम्मान बढ़ाया। पंचायत राज के जनप्रतिनिधियों की सैलरी बढ़ाई और 45% वायदों को पूरा किया। सीएम ने प्रत्येक लोकसभा सीट 5 लाख वोटों जिताने का आह्वान किया। सभा में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, विधायक विक्रम बंशीवाल, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, पूर्व सांसद आरके वर्मा, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा पूर्व जिलाध्यक्ष घनश्याम बालाहेड़ी, टीकम सिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, नीलम गुर्जर, भावना सैनी, अमर सिंह कसाना सहित भाजपा पदाधिकारी व लोग मौजूद है।

# डॉ. मीना ने विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया

राजस्थान की राजनीति



**बूंदी/पुरुषोत्तम।** डॉ मुकेश कुमार मीना, जिला नोडल अधिकारी बूंदी ने बताया कि राजकीय होम्योपैथिक औषधालय रजत गृह कॉलोनी बूंदी में आज 10 अप्रैल 2024 को विश्व होम्योपैथिक दिवस के शुभ अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. क्रिश्चियन फैड्रिंक सैमुअल हैनिमैन की 269 सी जयंती मनाई गई, इस अवसर पर डॉ.अनीता मीणा होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया एवं पप्पू लाल मीणा वरिष्ठ कंपाउंडर भी उपस्थित रहे। डॉ मुकेश कुमार मीणा ने बताया की होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति मैं मौसमी बीमारियों में एवं क्रॉनिक डिजीज में अच्छा इलाज है, होम्योपैथिक में कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होते हैं। आमजन को ज्यादा से ज्यादा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में उपचार लेना चाहिए।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल का तुफानी दौरा, मीठी बातें कर बिरला ने किया दस वर्षों से लोगों का शोषण



राजस्थान की राजनीति

**बून्दी/पुरुषोत्तम।** केशवराव पाटन विधानसभा में प्रहलाद गुंजल का देईखेडा कस्बे में घोडी गांजे बाजे से जुलूस निकाल कर बस स्टैंड पर आम सभा हुई जिसमें गुंजल के साथ पहुंचे छात्र नेता नरेश मीना, विधायक के पाटन सीएल प्रेमी, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीना का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गूजंल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बिरला देश की सबसे बड़ी सीट में होने के बाद भी संसदीय क्षेत्र के किसानों व आमजन को खटी मिट्टी गोली देकर गुमराह किया व दस वर्षो में कोटा बूंदी केशवराव पाटन के उधोग धंधे बंद कर लोकसभा के लाखों मजदूरों की रोजी रोटी छिनने का काम किया गुंजल ने आजंदा, घाट का बराना, देईखेडा, लबान, गुहाटा, माखीदा, बड़ाखेड़ा, उतराना,गेण्डोली,फोलाई आदि गांवों में करीब रात्रि दो बजे तक जगह जगह सैकड़ों लोगों ने जोश से उत्साहित होकर स्वागत के पलंग फावड़े बिछा दिये इस मौके पर पूर्व देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना, बड़ाखेड़ा सरपंच प्रदीप सिंह,हाडा ,विधायक प्रतिनिधि अशोक मीना, ब्लांक अध्यक्ष नेकराम मीना, जिला परिषद सदस्य अमृतलाल गूर्जर, कांग्रेस नेता दान बिहारी मीना, किसान नेता नरेंद्र मीना,जिला परिषद किशनचंद्र वर्मा,आदि दौरे में साथ थे।

# जेसीआई बूंदी ऊर्जा का ईपीएस सत्र संपन्न हुआ



राजस्थान की राजनीति

**बूंदी/पुरुषोत्तम।** ऊर्जा ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 7 घंटे का इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग (ईपीएस) का आयोजन किया। जिसका विषय रहा ÷वोट फॉर मी÷ सत्र का संचालन नैशनल ट्रेनर जेसी दीपिका लोढ़ा और नेशनल ट्रेनर जेसी नेहा जैन द्वारा किया गया। संपूर्ण सत्र बहुत ही प्रभावी वह दिलचस्प था। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पूर्ण रुची ली। साथ ही एक और प्रशिक्षण ÷शब्दों का मायाजाल÷ आयोजित किया गया था, अपने संचार पैमाने को कैसे सुधारे के विषय पर जॉन ट्रेनर जैसी संदीप छाबरा, जॉन डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट,जॉन 5 ने वास्तव में आश्चर्यजनक रूप से समझाया कि प्रभावी संचार को कैसे समझे, सक्रिय रूप से सुने और अभ्यास करें। यह पूरी तरह से महत्वपूर्ण सत्र था, जिसमें बहुत कुछ सीखने को मिला, वीपी प्रशिक्षण जेसी पिया जैन व निदेशक जेसी प्रज्ञा गोयल रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष मेघा नुवाल, सचिव प्रियंका काल्या मूंदड़ा, आईपीपी जेसी श्वेता भंडारी, पूर्व अध्यक्ष जेसी ख्याती भंडारी, जेसी सोनल नुवाल,जेसी साधना न्याति के साथ साथ उपाध्यक्ष कविता नुवाल,प्रवक्ता सोनू सिंह एवं सभी सदस्यों ने इस अद्भुत सत्र में भाग लिया। सत्र में 30 प्रतिभागी थे और यह वास्तव में सीखने का एक शानदार अनुभव था। सबने बहुत आनंद लिया, ÷वोट फॉर मी÷ आइए एक बदलाव लाएं। ई पी एस के दौरान ही एक और कार्यक्रम क्लीन प्लेट चैलेंज का भी आयोजित किया गया जिसमे सभी सदस्यों ने प्लेट में भोजन को झूठ नहीं छोड़ने का प्रण लिया।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा के पक्ष में करें मतदान - रायपुरिया

## मेघवाल समाज द्वारा आयोजित बाबा रामदेव जी महाराज की तिथि बंधन पूर्णाहुति तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न

राजस्थान की राजनीति



**बूंदी/पुरुषोत्तम।** तालेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत गामछ में बुधवार को मेघवाल समाज द्वारा आयोजित बाबा रामदेव जी महाराज की तिथि बंधन पूर्णाहुती तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रधान रायपुरिया ने यहां समाज बंधुओ को संबोधित करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए आयोजकों को साधुवाद दिया। वहीं प्रधान रायपुरिया ने यहां मौजूद मेघवाल समाज बंधुओ से आगामी लोकसभा चुनाव में देश के सुनहरे भविष्य तथा क्षेत्र की उन्नति के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। प्रधान रायपुरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करनी है और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला को भारी मतों से विजयी बनाना है। इससे पूर्व गामछ पहुंचे प्रधान रायपुरिया का मेघवाल समाज बंधुओ ने माल्यार्पण व साफा बंधवा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान गामछ सरपंच नरेंद्र गुर्जर, अरनेठा सरपंच बजरंग लाल मेघवाल, मोहन मेघवंशी तालेड़ा, सतीश मेघवाल केपाटन, हजारीलाल मेघवाल सुवासा, मुकेश मेघवाल केपाटन, जितेंद्र मेघवाल केपाटन, प्रकाश मेघवाल तीतरवासा तथा कार्यक्रम से जुड़े रामलाल मंडित्या, पन्नालाल गाडोलिया, महावीर कलेसरिया, बंशीलाल कलेसरिया, रामदेव करवाडिया, गोपाल लाल कलेसरिया, रामपाल कलेसरिया, केसरा चांदसीणा, गंगाधर कलेसरिया, भेरूलाल कलेसरिया, गोवर्धन मंडित्या, हरजीलाल गाडोलिया, मोहनलाल कलेसरिया, रामस्वरूप कलेसरिया, छोटू लाल कलेसरिया, हेमराज मंडित्या, चतराजी गाडोलिया, पन्नालाल मंडित्या, लटूर लाल कलेसरिया, बद्री लाल कलेसरिया, पुखराज कलेसरिया, राम कल्याण कलेसरिया, धनराज गाडोलिया, राजेश गाडोलिया, अजय कलेसरिया आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के दौसा में 12 अप्रैल के प्रस्तावित रोड शो को लेकर सह प्रभारी विजया राहटकर ने ली बैठक

# राजस्थान में 25 उम्मीदवार कांग्रेस नहीं दे पाई इतनी खराब बात कांग्रेस के इतिहास में नहीं हुई है- विजया

राजस्थान की राजनीति




**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजय राहटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौसा में 12 अप्रैल के प्रस्तावित रोड शो को लेकर बुधवार को दौसा पहुंची। जहां पर मीडिया से मुखातिब होते हुए भाजपा की सह प्रभारी विजया राहटकर ने कांग्रेस पर हमला बोलते कहा जिस प्रकार से कांग्रेस छोड़कर नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस पर उन्होंने कांग्रेस को आत्म चिंतन करना चाहिए कि उनके नेता आखिर क्यों छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के पास जब-जब सरकारी सत्ता में थी तब उन्होंने जनता के लिए कुछ नहीं किया। लोगों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं किया। झूठे वादे किए इस लिए उनके नेता उन्हें छोड़कर जा रहे हैं। मोदी जी ने जो देश में विकास के काम किए हैं उसी को देखते हुए आज सभी की यह भावना हो रही है। इस देश का कोई भला कर सकता है कोई विकास कर सकता है तो वह है मोदी जी। इसी को लेकर आज कांग्रेस के लोग छोड़कर बीजेपी में जा रहे हैं और बीजेपी को समर्थन दे रहे हैं। लेकिन इस बात पर कांग्रेस को बहुत आत्म चिंतन करने की जरूरत है क्यों अपने लोग छोड़कर जा रहे हैं इसके बारे में कांग्रेस को सोचना चाहिए। कांग्रेस द्वारा कहा गया कि भाजपा हमारी योजनाओं को नाम बदल रही है और द्वेषतापूर्ण की भावना काम कर रही है। जिस पर सह प्रभारी विजय राहटकर ने कहा कि भाजपा सरकार अपना छोटा मन नहीं रखती है अगर कोई योजना अगर आप कुछ योजनाओं को कम समय के लिए बनाते हैं और उनका सही इस्तेमाल नहीं होता है और उन योजनाओं को नए तरीके से बनाना होता है इसलिए कि उन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। कांग्रेस यह विचार करें कि उन्होंने शॉर्ट टर्म के लिए कितनी योजनाएं बनाई थी और उन योजनाओं से लोगों को कोई लाभ नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दौसा से किस्सा जुड़े है जिसमें 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौसा में सभा की थी जिस वक्त भाजपा पूरी पांचो की पांचो सीट हार गई थी और एक बार फिर दौसा में प्रधानमंत्री आ रहे हैं जिस पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो काम किया जा रहे हैं जिस पर दम पर राजस्थान में लगातार दो बार 25 की 25 सिम बीजेपी जीत रही है। आप देखिए कांग्रेस क्या कहे जिनके पास खुद का कुछ नहीं है जिनका जमीन स्तर पर कोई कार्य नहीं है जिनका लोगों के साथ नाता टूट चुका है। वह कांग्रेस इसके अलावा क्या कह सकती है। कांग्रेस अपनी जगह तो देखे अपने घर में तो देखें राजस्थान में 25 के 25 उम्मीदवार कांग्रेस नहीं दे पाई उसी के साथ इसके साथ-साथ जिन लोगों को उन्हें टिकट दिया था वह लोग भी टिकट क्यों छोड़कर जा रहे हैं। इतनी खराब बात अब तक के कांग्रेस के इतिहास में नहीं हुई है। कांग्रेस अपने घर में झाक कर देखे और उसे विषय पर विचार करें और कितनी खराब स्थिति यहां पर हो रही है और उसे सुधारने का प्रयास करें। इंडिया गठबंधन के बारे में कहा कि कांग्रेस का जो इंडिया गठबंधन है वह घमंडियां गठबंधन है ना उनके पास नीति है ना नियत है ना कोई काम के प्रति श्रद्धा है सिर्फ बीजेपी का विरोध करने के लिए यह गठबंधन एकत्रित हुआ है लोगों के लिए कुछ भला करें इस मामले में इनकी ना तो कोई नियत है ना उनकी कोई नीति है ऐसे गठबंधन को लोग कभी चुनते नहीं है। कांग्रेस और उनके साथियों का जो गठबंधन स्वार्थ के साथ चलने वाला गठबंधन है। ना कि लोगों की सेवा करने वाला गठबंधन है इस कांग्रेस के गठबंधन को कभी सफलता नहीं मिलेगी।

# भाजपा ने 12 अप्रैल को दौसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो को लेकर की प्रेसवार्ता

## भाजपा ने रोड शो को सफल बनाने के लिए ऐडी से चोटी तक का लगाया जोर

राजस्थान की राजनीति



**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा चुनाव को लेकर अब ज्यो ज्यो 19 अप्रैल मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे ही राजनेताओं के दौरे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा अपने बड़े-बड़े नेताओं को मैदान में उतर रही है। दौसा लोकसभा सीट बीजेपी और कांग्रेस के लिए बड़ी प्रतिष्ठा की सीट है और प्रदेश में भाजपा 25 के 25 सीट जीतने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी को लेकर 12 अप्रैल को दौसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो प्रस्तावित है। उसी को लेकर तैयारी को लेकर भाजपा ने रोड शो को सफल बनाने के लिए ऐडी से चोटी तक का जोर लगा दिया है। भाजपा द्वारा बुधवार को निजी होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेसवार्ता में प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर और मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, व लोकसभा क्षेत्र दौसा के सहप्रभारी विष्णु चेतानी जिले के भाजपा विधायक ने प्रेस वार्ता में शामिल रहे। प्रेस वार्ता में भाजपा की प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि12 अप्रैल को दौसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो करने के लिए आ रहे हैं। दौसा में बस स्टैंड से लेकर गुप्तेश्वर मंदिर तक प्रधानमंत्री का रोड शो रहेगा। प्रधानमंत्री के इस रोड शो के लिए जनता का अभी से ही भरपूर समर्थन मिल रहा है और जनता के मन से उत्साहित है। प्रधानमंत्री ने देश के सभी वर्गों को लेकर विकास किया है सभी लोगों को साथ जोड़कर सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास करते हुए देश को आगे बढ़ाया है इन सभी को देखते हुए हमारे मन में सभी को पूर्ण विश्वास है इससे पूर्व भी दो बार राजस्थान ने 25 के 25 सीट भाजपा को दी है और कमल खिलाया है और इस बार भी राजस्थान में 25 के 25 कमल खेलेंगे यह विश्वास मेरे मन में है।

वही मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हमारे लिए संकल्प और जो चुनौती होती है वह अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुंचना है। दौसा क्षेत्र पूरी तरह विकसित हो यह हमारे लिए संकल्प है। हमारे लिए चुनौती है, चुनाव नहीं ,कांग्रेस नहीं कांग्रेस तो पूरी तरह खत्म है और दौसा में हर तरीके से कमल खिलेगा। पूरे राजस्थान को संदेश देगा और राजस्थान में 25 की 25 सीट आयेगी यह गारंटी है। जनता ने 5 साल तक कांग्रेस को मौका दिया। लेकिन कांग्रेस ने पेपर लीक मामले में, महिलाओं पर दुष्कर्म बढ़ने के मामले हो ,चाहे खनन माफिया हो, चाहे पीने का पानी न उपलब्ध कराना हो, हर तरह से कांग्रेस ने राजस्थान को बर्बाद किया है। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 10 साल का कार्यकाल हो जहा हर तरफ विकास हुआ आर्थिक शक्तियां बढ़ी चाहे प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना हो ,चाहे विश्वकर्मा योजना हो, चाहे वैक्सीनेशन हो, हर तरह से प्रधानमंत्री ने देश को संभालने का काम किया है और योजना के माध्यम से हर गांव ढाणी तक हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाया है और वही व्यक्ति 12 अप्रैल को दौसा में आ रहे हैं जिनको देखने के लिए सुनने के लिए आसपास से दूर दराज से लोग आ रहे हैं। ऐसे व्यक्ति की एक झलक देखने के लिए जिसने देश का मान सम्मान बढ़ाया है। कांग्रेस का कहना है कि राजस्थान में भाजपा की स्थिति ठीक नहीं है इसलिए मोदी बार-बार आ रहे हैं जिस पर मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने जवाब दिया कि जब बाजरे की ब्रांडिंग खुद प्रधानमंत्री ने की थी तब तो उन्होंने कुछ नहीं कहा लेकिन मोदी जी को राजस्थान से लगाव है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग क्षेत्र से जुड़ रहे थे तब कांग्रेस ने कुछ नहीं कहा। लेकिन कांग्रेस के बड़े-बड़े धुरंधर टिकट लेने के लिए सामने नहीं आ रहे। आज लड़ने नहीं आ रहे हैं आज युवाओं को आगे कर रहे हैं जिन्हें कभी मौका नहीं मिलता कि आप चुनाव लड़े यह तो कांग्रेस लीडरशिप है। कांग्रेस की क्यों नहीं एक भी दुरंदर लड़ रहा।कांग्रेस इतनी मजबूत थी और अपने आप पर विश्वास था तो अपने धुरंधर को मैदान उतरती, कांग्रेस आती और चुनाव में भाजपा को धूल चटाने के लिए लेकिन नहीं। क्योंकि वह जानते हैं कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जनता धूल चटाएगी।

# बहरावंडा गांव में सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा लोकसभा क्षेत्र के बहरावंडा गांव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करने आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में 19 पेपर हुए जिनमें से 17 पेपर लीक हुए हमने सी थी गठित कर 85 लोगों को गिरफ्तार करने का काम किया है। अभी और लोग बाकी हैं जिन्होंने योजना बनाई थी वह भले ही कितने बड़े व्यक्ति हो उन्हें छोड़ेंगे नहीं और सलाखों के पीछे डालेंगे । कांग्रेस ने तो ईआरसीपी के मामले में भी पूर्वी राजस्थान की जनता के साथ धोखा किया है केंद्र की जल जीवन मिशन योजना में भी भ्रष्टाचार किया है हम इन भ्रष्टाचारियों को बिल्कुल भी नहीं छोड़ेंगे । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने कांग्रेस की सरकार में पनपे भूमाफियाओं खनन माफियाओं के लिए एंटी गैंगस्टर टीम बनाने का काम किया है । कांग्रेस ने हर व्यक्ति को जाति में बांटकर लूटने का काम किया है हमारी सरकार ने चार महीने में ही संकल्प पत्र का 45 फीसदी कार्य पूरा कर दिया है । मुख्यमंत्री ने मोदी के काम गिनाते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने गरीब किसान व मजदूर की समस्या को समझते हुए आम आदमी के हित में काम किए हैं। सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा मोदी ने जो गारंटी दी वो जल्दी ही मूलरूप लेने वाली है। हमारी पूर्व की सरकार जनता को भ्रमित करने का काम किया। वोट और लुट का काम किया था। हमने संकल्प पत्र में वादा किया था ईआरसीपी के और किसान के लिए काम किया और ईआरसीपी का काम पूरा किया है। नल से जल देने का काम ईआरसीपी से करेगे। सिकराय विधायक की काम की तारीफ़ की। ईआरसीपी का पानी बड़े बांध के साथ छोटे बांधो को भी पानी मिलेगे। क्यूंकि ये मोदी जी की गारंटी है क्यूंकि मोदी जी की गारंटी पूरी होने की गारंटी है। पूर्व की सरकार ने जनता को गुमराह किया। जो केन्द्र से पैसा आया जिसमे मे भी भ्रष्टाचार किया। मोदी ने कहा ना खानें दूंगा ना खाऊंगा कांग्रेस ने जाति में लोगों को बाटकर लूट और खसोट का काम किया। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार किया। मोदी जो कहते है जो करते हैं। भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा करेगे। किसान का दर्द किसान ही जान सकता है इस लिए मोदी जी गरीब की ,किसान के हालात वो ही मोदी जी जानते है। कांग्रेस की सरकार मैं 19पेपर में से 17पेपर लीक हुऐ। युवाओ के सपने तोड़ने का काम कांग्रेस ने किया है। एसआईटी गठित किया ओर लिप्त लोगो को गिरफ्तार किया है अभी वो लोग बाकी है जिन्होंने ये योजना बनाई वो कितना ही बडा हो वो बक्सा नही जायेगा। इस अवसर पर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ,दौसा जिले के सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल, बांदीकुई विधायक भागचंद टाकंडा, महवा राजेन्द्र मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता की स्वीप गीतमाला का विमोचन

# जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने किया

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का जिला कलेक्टर दौसा के नेतृत्व में आयोजन हुआ। जिसमें पेंशनर समाज के प्रतिनिधि, भारत स्काउट, हिंदुस्तान स्काउट, जिले के स्थानीय कवि एवं लोक कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन किया तथा जिले में अमन-चैन तथा शांतिपूर्ण मतदान की कामना की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्वक मतदान करवाने में पेंशनर्स और सीनियर सिटीजन की बड़ी भूमिका है, अतः परिवार के साथ ही समस्त समाज के युवा वर्ग से शांतिपूर्ण मतदान की समझाइश करें। जिले के दूरस्थ मतदान केन्द्रों पर भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने कहा कि निर्भय होकर मतदान करें एवं मतदान केंद्र पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की स्थिति में सी -विजिल मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करें। जिला परषिद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आज बुधवार से प्रारंभ हुए सतरंगी सप्ताह की आगामी गतविधियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी तथा स्वीप गतविधियों में जिले के संबंधित अधिकारियों से सहयोग करने के निर्देश दिए। जिला स्थापना दिवस की अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी शानदार आयोजन किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता तथा दौसा जिले की विशेषताओं का वर्णन किया गया। काव्य गोष्ठी में कृष्ण कुमार सैनी, डॉक्टर निर्मला शर्मा, वृंदा कौशिक,नरेश सैनी, मुकेश शर्मा एवं ब्रजमोहन मीणा प्रधानाचार्य ने एक से बढ़कर एक रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के सीओ रवि प्रकाश शर्मा द्वारा रचित मीणा वाटी गीत एवं स्वीप कार्यक्रम के जिला समन्वयक महेश आचार्य द्वारा रचित मतदान जागरण गीत का जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रंजीता र्शमा ने ऑडियो कंप्यूटर क्लिक करके गीत बजाकर मतदान गीतों का विमोचन किया। स्वीप गीतों की रिर्कॉडिंग में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कलाकारों को भी शॉल ओढ़ा कर माला पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वीप प्रभारी महेश आचार्य ने किया तथा पेंशनर एवं स्काउट से अपील की 19 अप्रैल 24 को बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक कोषाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने एवं जिला स्वीप टीम के सदस्यों ने सभी पेंशनर्स को माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

# सतरंगी सप्ताह के पहले दिन का कलर बैंगनी के थीम नाचेंगे गाएंगे और वोट डालने जाएंगे पर महादेव की ढाणी बसवा में स्वीप टीम बांदीकुई ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन अधिकारी दौसा देवेंद्र कुमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी बांदीकुई रामसिंह राजावत के निर्देशन में स्वीप टीम बांदीकुई ने महादेव की ढाणी बसवा ओमप्रकाश सैनी ढोलक वाले की चौपाटी पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में स्वीप टीम प्रभारी महेश बनापुरिया, लोक जत्था कलाकार संतराम यादव, राधामोहन शर्मा, प्रीतम सिंह, ओमप्रकाश सैनी ने लोकगीत के माध्यम से वहां उपस्थित सभी मतदाताओं को आने वाली 19 अप्रैल को शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सतरंगी सप्ताह की पहले दिन की थीम नाचेंगे गाएंगे और वोट डालने जाएंगे की तर्ज पर सभी गांववासियों ने नृत्य करके यह विश्वास दिलाया कि वह अपने गांव का मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत रखेंगे। अंत में सभी को मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाकर स्वतंत्र निर्भय एवं निष्पक्ष मत देने का संकल्प करवाया । इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य विजय शंकर शर्मा, विजय सिंह गुर्जर व सभी ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# परिवारवादी कांग्रेस-डीएमके तमिलनाडु का कल्याण नहीं, केवल लूट करेंगी

**राज्य में आज लूट का खुला खेल चल रहा**

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की सरकार पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कांग्रेस पर भी बड़ा हमला किया। इन पर देश को गुमराह करने के साथी राष्ट्रनीति पर नहीं चलने पर भी खरी-कोटी सुनाई।डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल भाषा क्षेत्र जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है। इंडि गठबंधन के लोग केवल माल करना चाहते हैं, देश सेवा और लोक सेवा नहीं करना चाहते।

## दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के वेल्लोर और कोयंबटूर में गरजे पीएम मोदी, पुणे में भी किया विपक्षी गठबंधन पर तीखा प्रहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी आज दक्षिणी राज्य तमिलनाडु पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि वेल्लोर में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई क्रांति जैसी एक और क्रांति देखने को मिलेगी। एनडीए ने 10 सालों में अच्छा काम किया हैऔर विकसित भारत की नींव रखी। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर थी।उस दौरान भारत को घोटालों के देश के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि परिवारवाद वाली पार्टी कांग्रेस और डीएमके कभी भी तमिलनाडु की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकती। पीएम मोदी ने कहा कि सेंगोल को जब देश की संसद में स्थापित किया गया था तो डीएमके ने इसका विरोध किया था।राज्य में आज लूट का खुला खेल चल रहा है। डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल भाषा क्षेत्र जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है।

■ सेंगोल का भी डीएमके ने विरोध किया था

### तमिलनाडु को भारत को अंतरिक्ष ले जाने का दिया श्रेय

*पीएमने कहा तमिलनाडु ने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाने में महान योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के कठिन परिश्रम ने विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाई।*



**कोयंबटूर में इंडि गठबंधन पर बोला हमला**

### यूपीए शासन के घोटालों को गिनाया


पीएम मोदी भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए राज्य की डीएमके शासित सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि तमिलनाडु में आज लूट का खुला खेल चल रहा है। डीएमके की नीति 'फूट डालो और राज करो' की है। ये दल, भाषा, क्षेत्र, जाति और धर्म के नाम पर फूट डालकर राज करने का काम कर रही है। वहीं कोयंबटूर में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में केंद्र की सरकार थी, तब राज्यों के साथ भेदभाव होता था। हम कहते हैं कि विकसित भारत के लिए तमिलनाडु जरूरी है लेकिन डीएमके देश को बांटने की नीति पर चलती है।

### दोनों ने सीडिंग में अपनी भूमिका छिपाई

पीएम ने कहा कि डीएमके की राजनीति बहुत ही खतरनाक है, मैं इसका पर्दाफाश करता रहूंगा। मोदी ने कहा कि सरकार ने कश्मीर और सौराष्ट्र तमिल संगम का आयोजन किया था। कांग्रेस पर हमलावर पीएम ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान कच्चातिवू को श्रीलंका को सौंप दिया गया था। श्री लंकाई नौसेना ने कच्चातिवू के पास से हजारों तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था।डीएमके और कांग्रेस ने सीडिंग में अपनी भूमिका छिपाई। गठबंधन मिलकर महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि जयललिता के साथ कैसा व्यवहार किया?

**शाह ने सीएम ममता पर साधा निशाना**

### वे सीएए पर लोगों को कर रहीं गुमराह, घुसपैठ करा रहीं



बालुरघाट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने ममता पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। शाह ने पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में एक रैली में कहा कि हमने सीएए कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल की जनता को गुमराह कर रही हैं। वह कह रही हैं कि अगर सीएए के लिए आवेदन करोगे तो नागरिकता चली जाएगी। मैं शरणार्थियों से सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने का अनुरोध करता हूं, मैं आश्वासन देता हूं कि कोई समस्या नहीं होगी।

**भ्रष्टाचारी को जेल जाना होगा**

शाह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को हर हाल में जेल जाना होगा। इन लोगों ने देश का पैसा लूटा है। गरीबों को लूटा है। इसलिए इन्हें जनता माफ नहीं करेगी। पाई-पाई रुपये चुकाने होंगे। किसी भी हाल में मोदी सरकार नहीं छोड़ेगी।

**राजद और कांग्रेस पर साधा निशाना**

शाह ने मोदी सरकार के विकास योजनाओं को गिनाया। साथ ही कहा कि औरंगाबाद और गया से मोदी सरकार नक्सल के खिलाफ अभियान दिलाया। रफीगंज, नबीनगर और अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन बन रहे हैं, यह भी भाजपा की सरकार ने किया। कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाली पार्टी है।


**सपा का घोषणा पत्र**

### मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रु. करने का वादा



समाजवादी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनता का मांगपत्र हमारा अधिकार है। मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को 'जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार' नाम दिया है। इसमें संविधान की रक्षा का अधिकार, रक्षा का अधिकार लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार आदि हैं।

### भोजपुरी स्टार पवन काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे



भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर भोजपुरी एक्टर ने खुद इसकी जानकारी दी है। सिंह ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा है कि माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा ।

**संभल में बोले गृहमंत्री राजनाथ**

## जल्द ही पीओके के लोग भी कहेंगे हमें भी कश्मीर का हिस्सा बना दो



संभल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चंदौसी के देवरखेड़ा स्थित आशीष गार्डन में चुनावी जनसभा में कहा कि आज देश सुरक्षित हाथों में है। आप निश्चिंत रहिए देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज भारत, विश्व के सशक्त राष्ट्रों में शुमार है।जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 को खत्म करने का काम भाजपा ने किया तो आज वहां न अलगाव वाद है न पत्थरबाजी।

**बुलंदशहर में भी दिया संबोधन**

### सपा को बताया समाप्त पार्टी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के लिए जहांगीराबाद पहुंचे। सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र में किए गए सारे वादे पूरे किए हैं। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। 2014 से पूर्व हमारी सरकार बनने से पहले भारत को गरीब देश कहा जाता था, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। हमारी सरकार बनने के बाद भारत का डंका पूरे विश्व में बोल रहा है। हमने चुटकी बजाकर जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटा दी।

**अरुणाचल में भाजपा का घोषणा-पत्र जारी**

## पहले उग्रवाद था, अब विकास की बहार बढ़ी



ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा ने घोषणा-पत्र जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जो क्षेत्र पूरी तरह से उग्रवाद और हत्याओं और बंद संस्कृति के लिए जाना जाता था, वो अब विकास की राह पर चल पड़ा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों से तेजी से प्रगति हुई है। नड्डा ने कहा कि दशकों तक उपेक्षित रहे पूर्वोत्तर में 2014 के बाद से ही बड़ा बदलाव आया। यह क्षेत्र अब प्रगति, विकास और समृद्धि के लिए पहचान बनाने लगा है।

### मोदी सरकार में विकास की रफ्तार

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बिजली, पर्यटन, इंटरनेट, कनेक्टिविटी, कृषि और खेल समेत कई क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए काम कर रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा के घोषणा-पत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और जवाबदेह शासन के निर्माण का वादा किया गया है।

### विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध

नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार रोडवेज, रेलवे और वायुमार्ग क्षेत्रों में परियोजनाओं को लागू करके राज्य में मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी और एकीकृत ढांचागत विकास को बढ़ावा देने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए 'अरुणाचल प्रदेश गति शक्ति मास्टर प्लान' लॉन्च करेगी। जो वादा नहीं किया था वह भी पूरा किया गया है।

**टिकट न मिलने पर बोले रामदास**


### मैं शिरडी से चुनाव लड़ना चाहता था लेकिन...



नागपुर। केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि वे शिरडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन एनडीए गठबंधन की कुछ मजबूरियों के कारण ऐसा नहीं हो सका। नागपुर में एक सम्मेलन में कहा कि उन्हें सत्तारूढ़ एनडीए के साथ रहने और केंद्र में कैबिनेट में जगह देने के लिए कहा है।

**खबर संक्षेप**

### बालिका सशक्तिकरण मिशन की तैयारी



नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल, बालिका सशक्तिकरण मिशन (जीईएम) का नया संस्करण लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। मिशन कार्यक्रमों के माध्यम से लड़कियों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करता है और इसका उद्देश्य उनके नेतृत्व गुणों की पहचान करके उनका पोषण करना है।

### बांध में कार गिरने से 4 लोगों की मौत



राजकोट। गुजरात के राजकोट में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक कार रेलिंग तोड़ते हुए बांध में गिर गई, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा धोराजी के भादर बांध में हुआ है। हादसे की वजह कार के टायर फटने को बताया जा रहा है। मरने वाले सभी मृतक धोराजी के निवासी हैं। दो परिवार सोमयज्ञ से लौट रहे थे, तभी कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित हो गई थी।

### पुलिस वालों को 15 दिन में टैटू हटाने का आदेश



भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने अपनी विशेष सुरक्षा बटालियन (एसएसबी) के कर्मियों को अपने शरीर से 15 दिन के भीतर टैटू हटाने के लिए कहा है. निर्देश में कहा गया कि वर्दी पहने व्यक्ति की त्वचा पर बने ये टैटू आसानी से ध्यान खींचते हैं और इन्हें अशोभनीय,अपमानजनक माना जाता है.भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) ने मंगलवार को इस आशय का आदेश जारी किया।

**हाई कोर्ट के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से भी केजरीवाल को बड़ा झटका**

# कानून सबके लिए समान, हफ्ते में दो बार ही कर पाएंगे वकीलों से 'संपर्क'

### तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। वह अब हफ्ते में केवल दो बार ही अपने वकीलों से मुलाकात कर पाएंगे। उन्होंने हफ्ते में 5 बार वकीलों से मुलाकात करने की मांग की थी।

केजरीवाल ने अपनी याचिका में मांग की थी कि पीएमएलए मामले में उन्हें हफ्ते में पांच बार वकीलों से मिलने का मौका दिया जाए। हालांकि कोर्ट ने इसे याचिका को खारिज कर दिया। इससे एक दिन पहले ही मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से भी केजरीवाल को बड़ा झटका लगा था। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। गौर हो कि केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली सराब घोटाला में प्रमुक आरोपी बताया है। उनके कई सहयोगी भी इसी जेल में पहले से ही बंद हैं।

कोर्ट में केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी

हाईकोर्ट से पहले भी लग चुका है बड़ा झटका

**कानून की नजर में सभी लोग समान**



केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने 25 मिनट तक अपना फैसला पढ़कर सुनाया और इस दौरान उन्होंने कई बार केजरीवाल को नसीहत भी दी तो कई बार फटकार भी लगाई। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि कानून की नजर में अरविंद केजरीवाल केवल एक सामान्य नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ केजरीवाल की गिरफ्तारी का नहीं है बल्कि यह समझना भी जरूरी है कि गिरफ्तारी और रिमांड में अंतर क्या है? कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है।

### विशेष लाभ नहीं दिया जा सकता

जस्टिस ने कहा कि एक आम आदमी को आरोप लगने पर तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाता है। मुख्यमंत्री होने का लाभ अरविंद केजरीवाल को नहीं दिया जा सकता। इस प्रकार से इस तरह की याचिका अवैध है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है।

### गिरफ्तारी को जायज ठहराया

हाई कोर्ट ने कहा कि सीएम केजरीवाल पूरी साजिश में लिप्त थे और उन्होंने घूस भी मांगी थी। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी में कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन भी नहीं हुआ है और ना ही उनकी गिरफ्तारी किसी तरह से अवैध है।

**सिसोदिया मामले में ईडी की दलील**



### गुण-दोष पर विचार करना होगा

दिल्ली शराब नीति मामले में आरोपी मनीष सिसोदिया की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशायल ने अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी। ईडी के वकील ने कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि क्या मुकदमा कछुआ गति से आगे बढ़ रहा है? जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि गुण-दोष पर विचार करना होगा।

**बारूद के ढेर पर बैठा बंगाल : घोष**

## राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ टीएमसी कर रही है 'बड़ा खिलवाड़'



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने कहा कि बंगाल बारूद के ढेर पर बैठा है और यहां कभी भी हालात बिगड़ सकते हैं। दिलीप घोष ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने टीएमसी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया।

**चुनाव आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश**

## चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक प्रकाशक की स्पष्ट जानकारी हो

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रचार अभियान को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को होर्डिंग्स सहित छपवाई गई चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का स्पष्ट नाम व पता दिए जाने को अनिवार्य तौर पर लागू कराने के निर्देश दिए हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के पूर्ण आयोग ने प्राप्त शिकायतों पर यह निर्णय लिया है।




**हैदराबाद के रेस्टोरेंट पर कार्रवाई**

## फ्री का पानी नहीं देने पर कस्टमर को 5 हजार भरना होगा जुर्माना



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यहां के एक रेस्टोरेंट को मुफ्त पानी नहीं देने पर कस्टमर को 5000 रुपए का मुआवजा देना होगा। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सर्विस चार्ज वसूलने के लिए रेस्टोरेंट को 500 हजारका मुआवजा देने का आदेश दिया है। कानूनी खर्च कस्टमर को एक हजार रुपए भी देने होंगे। रेस्तरां ने दो व्यंजनों और एक पानी की बोतल के लिए 630 रु. के बिल पर 31.50रु. सेवाशुल्क लिया।

### पानी के साथ सर्विस चार्ज लगाया

कस्टमर ने बताया था कि उसे रेस्तरां में पानी नहीं पूछा गया और मुफ्त में पीने का पानी उपलब्ध न कराकर बोतल वाले पानी के साथ सर्विस चार्ज लगाया गया था।आयोग-3 ने जुबली हिल्स में स्थित रेस्तरां को 45 दिनों के अंदर कस्टमर को मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

### आईटीएलयू का मामला

सिकंदराबाद निवासी शिकायतकर्ता ने कुछ समय पहले सीबीआई कॉलोनी में आईटीएलयू रेस्तरां में एक परेशान करने वाले अनुभव के बारे में बताया। जहां'कांप्लिमेंट्री' रेगुलर वॉटर का अनुरोध करने के बावजूद रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने इनकार कर दिया।

**राष्ट्रपति ने की विश्व होम्योपैथी दिवस पर वैज्ञानिक सम्मेलन की शुरुआत**

# होम्योपैथिक चिकित्सा पर जुटे 8 देशों के प्रतिनिधि

इसका आयोजन सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) ने किया है। कई बैज्ञानिक, गणमान्य लोग और नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इसमें समाधान के कई पहलुओं को शामिल किया गया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका आयोजन सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) ने किया है। इस अवसर पर कई बैज्ञानिक, गणमान्य लोग और नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

## दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय कार्यक्रम

**अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ाने पर संगोष्ठी**



सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक संगोष्ठी' है। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक समुदाय को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनना और बेहतर इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण निदान, उपचार विज्ञान और वैज्ञानिक उपकरणों के साथ होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है।

### आयुष मंत्रालय के सचिव समेत कई दिग्गज रहे मौजूद


सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना, होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार से अलंकृत पद्मश्री डॉ. वीके गुप्ता, पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा, पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी, पद्मश्री डॉ. अनिल कुमारी मल्होत्रा और पद्मश्री डॉ. आरएस पारीक शामिल होंगे। इनके अलावा नीदरलैंड, स्पेन, कोलंबिया, कनाडा और बांग्लादेश से आठ प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

चिंतन

# संदेशखालि के दोषियों को दंडित करना सुनिश्चित हो

जो होना चाहिए था, बिलकुल वैसा ही हुआ। मानवता को शर्मसार करने वाला पश्चिम बंगाल का बहुचर्चित संदेशखालि मामला अब सीबीआई के हाथ में चला गया है। सीबीआई इस मामले की जांच करेगी। कोलकाता हाईकोर्ट ने ये आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि वह स्वयं जांच की निगरानी करेगी। याद रहे हाल में इन आरोपों को लेकर संदेशखालि में व्यापक प्रदर्शन हुए थे। संदेशखालि में हुई यह घटना मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली है। ऐसी घिनौनी घटना के बाद सबको न केवल इसका विरोध करना चाहिए बल्कि दोषियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे किया जाना चाहिए। ऐसी वारदात वाले स्थान पर विपक्ष के नेता जाएं, यह लोकतंत्र की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। वहां विपक्ष विरोध जताने के लिए इकट्ठे हों, यह भी अपेक्षित ही है। किसी को भी अपनी सीमा नहीं लांघनी चाहिए। ऐसे मामलों में किसी भी तरह की राजनीति भी नहीं होनी चाहिए। इस मामले में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का जो रवैया रहा उसे कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। एक ऐसी पार्टी जो 2006-07 में सिंगूर और नंदीग्राम में कृषि भूमि की रक्षा के लिए आंदोलन के दम पर सत्ता में आई थी, लेकिन उसके व्यवहार से ऐसा लगता है कि अब हालात वैसे नहीं हैं। पार्टी की चाल, चरित्र पूरी तरह से बदल चुका है। ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस का पहिया पूरी तरह घूम चुका है। उत्तर 24 परगना जिले के एक छोटे से गांव संदेशखालि में जो राजनीतिक बवंडर मचा हुआ है, उसने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी से कानून के शासन और लैंगिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध पार्टी होने के किसी भी दावे को लगभग छीन लिया है। यह वास्तव में एक पार्टी के लिए एक गहरी विडंबना है। जो 'मां, माटी, मानुष' के लोकप्रिय नारे पर चलती है। स्थानीय महिलाओं की गवाही के सामने यह हास्यास्पद प्रतीत होता है, जिसमें बताया गया है कि कैसे कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के ताकतवर नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों उत्तम सरदार और शिबाप्रसाद हाजरा द्वारा संरक्षित पुरुष वर्षों से उनका यौन शोषण कर रहे हैं। हालात केवल इतने तक ही सीमित नहीं हैं। पूरा मामला इतना डरावना है कि हाईकोर्ट को यह कहना पड़ा कि अगर इसमें एक फीसदी की भी सच्चाई है तो यह बहुत शर्मनाक है। अदालत यह कहने से भी नहीं चूकी कि अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो सीधे तौर पर इसके लिए सत्ता पक्ष जिम्मेदार है। यह घटना ये बताती है कि भारत में हर मसले और घटना को सियासी रंग देने की सियासत किस खतरनाक हद तक पहुंच गई है। इसमें एक सबक भी है जिस पर ममता बनर्जी को ध्यान देना होगा। 2006-07 में पश्चिम बंगाल में सीपीएम सरकार उतनी ही दबंग थी, मगर उससे ज़्यादा नहीं, जितनी आज तृणमूल कांग्रेस सरकार है। सिंगूर में टाटा मोटर्स फैक्ट्री और नंदीग्राम में एसईजेड के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए तो तब बनर्जी ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और उस पर पार्टी और राज्य की प्रतिक्रिया की ज्यादतियों ने ममता को सत्ता तक पहुंचाया, लेकिन अब ममता के तीसरे कार्यकाल में अलग तरह का सिंडिकेट बन रहा है। ऐसा लगता है कि सरकार-टीएमसी-व्यापार गठजोड़ द्वारा स्थापित हो गया है। जो कानून के शासन को कमजोर कर रहा है। शाहजहाँ शेख जैसे व्यक्ति कानून से परे प्रतीत होते हैं, क्योंकि वे स्थानीय स्तर पर इस विकृत व्यवस्था के मुख्य आधार हैं। सरकार के लिए पहला कदम कार्रवाई करना चाहिए। इसमें खास बात यह कि कार्रवाई करते हुए दिखना भी चाहिए तभी आम जनमानस में विश्वास पैदा होगा।

सारा संसार



नृसिंहवाड़ी कोल्हापुर जिले का एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है। यह दत्ता भक्तों की राजधानी होने के लिए जाना जाता है। कृष्णा और पंचगंगा नदियों के पवित्र संगम पर स्थित, महाराष्ट्रीयन इतिहास के प्रसंगों में इसका व्यापक महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार इस मंदिर का निर्माण बीजापुर जिले के एक मुस्लिम राजा आदिल शाह ने करवाया था। मंदिर की अपनी स्थापत्य विशेषता है।

# खुशहाली विकसित भारत की दरकार



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जानी शुरू हो गई है। आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जो विकसित भारत की दरकार है। हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी हैं, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।**

यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी है, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जानी शुरू हो गई है। आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जो विकसित भारत की दरकार है। हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी हैं, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है।

गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमशः, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रैंकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्ता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है, जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरे पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलिस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भू भाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक



खुशहाल देश बताया गया है वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं है। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है?

इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है, जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोड़ने वाला दुनिया का प्रमुखतम देश है। भारत में सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के बैंक खातों में सीधे 32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि भेजकर उनका सशक्तिकरण किया गया है। चाहे खुशहाली की सूची में विभिन्न देशों की रैंकिंग अनुचित और अन्यायपूर्ण ढंग से की गई है, लेकिन हमें आम आदमी के आर्थिक कल्याण, आमदनी बढ़ाने तथा खुशहाली के विभिन्न पैमानों पर बहुत आगे बढ़ने के लिए अभी मीलों चलना है। भारत में खुशहाली बढ़ाने व आय असमानता के बड़े अंतर को कम करने के लिए बड़े प्रयास करने हैं। 21 मार्च को प्रकाशित न्यूयार्क यूनिवर्सिटी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत की कुल आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सबसे अमीर 1 फीसदी लोगों के पास गया। वर्ष 2022-23 में देश की सबसे अमीर 1 फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 39.5 फीसदी हिस्सा था, जबकि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी के पास केवल 6.5 फीसदी हिस्सा था। यह परिदृश्य बताता है कि असमानता बढ़ी है। स्टडी में कहा गया है कि भारत में संपत्ति टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है, जिसका अर्थ है कि अमीर लोग अपनी संपत्ति के अनुपात में कम टैक्स दे रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बड़े निवेशों को फंड करने के लिए टैक्स शेड्यूल में बदलाव करके आय और धन दोनों को टैक्स योग्य बनाया जाना होगा। हमें देश में मानव विकास के विभिन्न पैमानों पर तेजी से आगे बढ़ने पर ध्यान देना होगा। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 में भारत 193 में से 134वें स्थान पर है। यद्यपि भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। भारत पिछले 34 वर्षों से 131 से 135वें स्थान पर झूल रहा है। एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों-लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। संयुक्त राष्ट्र ने नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष पहले जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब 67.7 हो गया है। लैंगिक असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है।

हमें यह ध्यान रखना होगा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के लिए सरकार के द्वारा आम आदमी की प्रतिव्यक्ति आय और खुशहाली बढ़ाने के लिए जो व्यय किए जाते हैं, वे उतने ही महत्वपूर्ण है, जिस तरह सरकार के द्वारा बुनियादी ढांचे पर भारी निवेश लाभप्रद होता है। हम उम्मीद करें कि देश में करोड़ों लोगों की गरीबी, भूख, कुपोषण, डिजिटल शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, ग्रामीण युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण और स्वास्थ्य की चुनौतियों को कम करने के लिए सरकार रणनीतिक रूप से, हरसंभव तरीके से कारगर प्रयासों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको मिला है देवता का दर्जा




संकलित

दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं।

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ।

गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।






# इंडिगो एयरलाइन ने रचा इतिहास, बनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विमानन सेक्टर की दिग्गज कंपनी इंडिगो एयरलाइन्स ने इतिहास रच दिया है। अब इंडिगो एयरलाइन्स दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई है। उसने मार्केट कैप के मामले में साउथवेस्ट एयरलाइन्स को पीछे छोड़ दिया है।

- मार्केट कैप के मामले में साउथवेस्ट एयरलाइन्स को पीछे छोड़ दिया

इंडिगो एयरलाइन्स का मार्केट कैप अब 17.6 अरब डॉलर हो चुका है। साउथवेस्ट एयरलाइन्स का मौप 17.3 अरब डॉलर रह गया है। फिलहाल डेल्टा एयरलाइन्स 30.4 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया में पहले नंबर पर और रेयनएयर 26.5 अरब डॉलर मार्केट कैप के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन है। कंपनी के शेयर बुधवार को एनएसई और बीएसई पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।

## शेयरों में जबरदस्त उछाल से इंडिगो का मार्केट कैप हुआ 17.6 अरब डॉलर

### एक साल में 10 एयरलाइन्स को पीछे छोड़ा

पिछले एक साल में इंडिगो का प्रदर्शन शानदार रहा है। ग्लोबल मार्केट कैप में एयरलाइन पिछले 12 महीनों में 10 स्थान ऊपर चढ़ चुकी है। पिछले साल मार्च में इंडिगो का स्थान 14वां था। मॉर्गन स्टैनली ने भी कंपनी के स्टॉक के आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। इंडिगो इस बीच अपने ऑपरेशंस भी मजबूत करती जा रही है। उसकी प्रति पैसेंजर कमाई भी बढ़ती जा रही है। बुधवार को कंपनी के शेयर एनएसई पर 4 फीसदी से ज्यादा ऊपर चढ़कर 3806 रुपए पर पहुंच गए है। इंडिगो का स्टॉक इस साल लगभग 28 फीसदी ऊपर जा चुका है।



### एयर इंडिया की पायलटों को विस्तारा में भेजने की योजना

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया अपने छोटे आकार के ए320 विमानों के कुछ पायलटों को विस्तारा में भेजने की योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विस्तारा पिछले कुछ समय से पायलटों की कमी से जूझ रही है। इन पायलटों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा। इसके लिए जरूरी नियामकीय मंजूरियां ली जाएंगी। हालांकि, इस संबंध में एयर इंडिया और विस्तारा ने कोई बयान नहीं दिया है।

### 6 महीने में 50 फीसदी ऊपर जा चुके हैं शेयर

इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर पिछले 6 महीने में लगभग 50 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। फिलहाल इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, एयर चाइना इस लिस्ट में 14.5 अरब डॉलर के साथ 5वें नंबर पर, सिंगापुर एयरलाइन्स 14.3 अरब डॉलर के साथ 6वें, यूनाइटेड एयरलाइन्स 14.3 अरब डॉलर के साथ 7वें और टर्किश एयरलाइन्स 13.2 अरब डॉलर मार्केट कैप के साथ 8वें नंबर पर रही है।

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स की वैश्विक थोक बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की वैश्विक थोक बिक्री 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आठ प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 3,77,432 इकाई रही। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में वैश्विक थोक बिक्री चौथी तिमाही में 15 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,55,651 इकाई रही थी।

### जेएलआर इंडिया की बिक्री में 81 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की भारत में खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 4,436 इकाई रही है। जेएलआर इंडिया ने बुधवार को बयान में कहा कि 81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि 2009 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन में से एक है।

### रुपया 12 पैसे की तेजी के साथ 83.19 प्रति डॉलर



**मुंबई।** विश्व की प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने तथा स्थानीय शेयर बाजार के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की कारोबारी धारणा में सुधार के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे की तेजी के साथ 83.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध ऋण बढ़कर छह फीसदी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल का शुद्ध ऋण 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़कर 1,160 करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 में शुद्ध ऋण 1,090 करोड़ रुपये था। आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण अधिक करने किए जाने से गत वित्त वर्ष में शुद्ध ऋण में इजाफा हुआ।

### मुथूट फिनकॉर्प एनसीडी से जुटाएगी 360 करोड़

**नई दिल्ली।** मुथूट फिनकॉर्प की डिबेंचर के सार्वजनिक निर्गम के जरिये 360 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। कंपनी का निर्गम 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक खुलेगा। 'मुथूट लिमिटेड ने कुल 360 करोड़ रुपये की राशि जुटाने के लिए सुरक्षित, विमोच्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर की सोलहवीं किस्त की चौथी श्रृंखला की घोषणा की है।

### सोभा लिमिटेड में बिक्री बुकिंग 28 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड की वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 6,644.1 करोड़ रुपये हो गई। आवासीय संपत्तियों की मजबूत उपभोक्ता मांग इसकी प्रमुख वजह रही। बेंगलुरु स्थित सोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2022-23 में 5,197.8 करोड़ रुपये थी। कंपनी के अनुसार, बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2023-24 में आठ प्रतिशत बढ़कर 60.8 लाख फुट रही जो वित्त वर्ष 2022-23 में 56.5 लाख वर्ग फुट थी।

## बीएसई 354 अंक चढ़कर 75,038.15 अंक पर बंद

# सेंसेक्स पहली बार 75,000 अंक के ऊपर बंद, निफ्टी भी नए शिखर पर

**तेजी से निवेशकों की पूंजी 2.27 लाख करोड़ रुपए बढ़ी**

**एफएमसीजी, ऊर्जा तथा धातु शेयरों में लाभ से बाजार में रही तेजी**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 354.45 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 75,038.15 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 421.44 अंक की तेजी के साथ 75,105.14 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 111.05 अंक की बढ़त के साथ 22,753.80 अंक के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

### पहली बार 75 हजार के पार सेंसेक्स बंद

उल्लेखनीय है कि दोनों मानक सूचकांक मंगलवार को कारोबार के दौरान सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। सेंसेक्स पहली बार 75,000 के ऊपर पहुंचा था। लेकिन बाद में मुनाफावसूली से यह नुकसान में रहा था।

### स्माल व मिड कैप में अच्छी तेजी रही


जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। इसका कारण छोटी (स्मॉल कैप), मझोली (मिड कैप) और बड़ी कंपनियों (लार्ज कैप) के शेयरों में अच्छी तेजी का होना है...।' उन्होंने कहा कि निवेशकों की नजर फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े पर है।

### निफ्टी 111 अंक बढ़कर 22,753.80 अंक के उच्चतम स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक चढ़कर पहली बार 75,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। मुख्य रूप से दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), ऊर्जा तथा धातु शेयरों में लाभ से बाजार में तेजी रही।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।



### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। दक्षिण कोरिया में चुनाव के कारण बाजार बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट मंगलवार को कमोबेश लाभ में रहा।

### निवेशकों का मुनाफा 2.27 लाख करोड़ बढ़ा


निवेशकों की संपत्ति में 2.27 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस तेजी के बीच बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 2,27,024.52 करोड़ रुपये बढ़कर 4,02,19,353.07 करोड़ रुपये (4.83 लाख करोड़ डॉलर) के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सोमवार को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के आगे निकला था।

### रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर 20 प्रतिशत टूटा

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयर में बुधवार को 20 प्रतिशत की गिरावट आई। उच्चतम न्यायालय के दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को राहत देने के बीच कंपनी के शेयर में गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी शेयर 19.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 227.40 रुपये पर बंद हुआ। यह इसका निचला सर्किट स्तर है। एनएसई पर यह 20 प्रतिशत गिरकर 227.60 रुपये पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,250.02 करोड़ रुपये घटकर 9,008.02 करोड़ रुपये रह गया।

# सोना पहली बार 72,000 रुपए पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना 160 रुपए बढ़कर 72 हजार पर कारोबार कर रहा
- चांदी 84,700 रुपए प्रति किलो की नई ऊंचाई पर पहुंची

वैश्विक बाजारों से मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें एक और नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गईं। सोना पहली बार 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 160 रुपये बढ़कर 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। मंगलवार को यह रिकॉर्ड 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की तेजी के साथ 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की ताजा रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 160 रुपये की बढ़त है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 2,356 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से छह डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि बुधवार को यूरोपीय कारोबार के घंटों में सोने में तेजी जारी रही।

### अमेरिकी बाजार में भी सराफा तेज

दमानी ने कहा, 'अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के साथ फेडरल रिजर्व की मार्च बैठक का विवरण भी बुधवार को बाद में आने वाला है।' इसके अलावा चांदी की कीमतें भी मामूली बढ़त के साथ 28.10 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गईं। पिछले सत्र में यह 28.04 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# एनएसई ने अपने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीषकुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

एनएसई ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा, 'ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं।' डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिये किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है।



- कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते नजर आ रहे
- प्रौद्योगिकी की दुरुपयोग कर चौहान की आवाज का इस्तेमाल

*एनएसई कर्मचारी किसी स्टॉक की सिफारिश नहीं करते : इसके साथ ही एक्सचेंज ने यह बात रेखांकित की है कि एनएसई के कर्मचारी किसी भी स्टॉक की सिफारिश करने या उन शेयरों में सौदे करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। एनएसई ने कहा कि वह इस तरह के वीडियो को मीडिया मंचों से हटाने का अनुरोध करने में जुटा है।*

### निवेशक मीडिया हैंडल की जांच करे

एक्सचेंज ने निवेशकों से एनएसई की ओर से भेजे गए संचार और सामग्री के स्रोत के सत्यापन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल की जांच करने के लिए भी कहा है।

# टेस्ला के सीईओ मस्क इसी माह भारत आएंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात
- निवेश योजना का करेंगे खुलासा

टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क अप्रैल महीने में भारत दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरे के दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। ये माना जा रहा कि भारत के दौरे पर यहां वे निवेश योजना का खुलासा करने के साथ करने के साथ टेस्ला के नए प्लांट डालने की घोषणा कर सकते हैं।

रॉयटर्स ने अपने रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क अप्रैल महीने के 22 अप्रैल से शुरू हो रहे हफ्ते में भारत दौरे पर आयेंगे। इस दौरे के दौरान वे पीएम मोदी से मिलेंगे। इस मुलाकात के बाद वे अलग से भारत में अपने निवेश करने के प्लान का खुलासा करेंगे। सूत्रों ने अपनी पहचान बताने से इंकार करते हुए कहा कि ये दौरा बेहद गोपनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय और टेस्ला ने इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से इंकार किया है। हालांकि एलन मस्क के भारत दौरे के एजेंडे में बदलाव भी देखने को मिल सकता है। इससे पहले भी ये खबर आई थी कि टेस्ला के अधिकारी इस महीने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के लोकेशन को देखने के लिए भारत दौरे पर आ सकते हैं। टेस्ला के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पर 2 बिलियन डॉलर के निवेश की संभावना जताई जा रही है। ये माना जा रहा कि टेस्ला की टीम अपने प्रस्तावित प्लांट के लिए उपयुक्त जगह तलाशने के लिए कई राज्यों का दौरा कर सकती है।

### सरकार की नई ईवी पॉलिसी

एलन मस्क ने भी टेस्ला की भारत में एंट्री के संकेत दिए हैं। भारत सरकार की नई ईवी पॉलिसी के एलान के बाद से ही भारत में टेस्ला की एंट्री के कयास तेज हो गए थे। सरकार ने नई ईवी पॉलिसी में देश में प्रोडक्शन पर निवेश करने वाली कंपनियों को छूट प्रदान की है। नई ईवी पॉलिसी में 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा निवेश करने वाली कंपनियों को 5 साल के लिए 15 फीसदी कस्टम्स ड्यूटी का फायदा देने का की घोषणा की गई है।


# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़



**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने बुधवार को मार्च महीने के आंकड़े जारी किए। इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई।

# मुआवजा राशि लौटाने की देनदारी हम पर नहीं आती


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने किया स्पष्ट
- न्यायाधिकरण ने डीएएमईपीएल के पक्ष में दिया फैसला

अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि 8,000 करोड़ रुपये मुआवजा देने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को निरस्त करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश से उसपर कोई देनदारी नहीं आई है। मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) के पक्ष में फैसला देते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को आदेश दिया था कि वह समझौता रद्द करने के एवज में उसे 8,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दे। इस फैसले के बाद डीएमआरसी अब तक 3,300 करोड़ रुपये का भुगतान रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को कर चुकी थी। डीएएमईपीएल रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी इकाई है। उच्चतम न्यायालय ने मध्यस्थता न्यायाधिकरण का फैसला रद्द करते हुए कहा कि डीएएमईपीएल को अब तक दी जा चुकी समूची राशि वापस करनी होगी।

## हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना मिली



**नई दिल्ली।** हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने बयान में कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र का विकास शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक समूह की स्थापना 1991 में की गई थी। यह भारत में सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

## भारत उन 5 देशों में शामिल है, जो अपनी गाड़ियों को खुद सेफ्टी रेटिंग देते हैं

# मारुति की ग्रैंड विटारा-ब्रेजा को मिली 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी की कुछ गाड़ियों को भारत एनसीएपी (भारत न्यू कार असिसमेंट प्रोग्राम) ने सेफ्टी रेटिंग दी है।

- पिछले साल दिसंबर में भारत एनसीएपी ने कारों की क्रैश टेस्टिंग शुरू की थी

मारुति की इन गाड़ियों को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। सूत्रों के मुताबिक, मारुति ब्रेजा, मारुति ग्रैंड विटारा, मारुति बलेनो को सेफ्टी रेटिंग में 5-स्टार मिले हैं। पिछले साल दिसंबर में भारत एनसीएपी ने कारों की क्रैश टेस्टिंग शुरू की थी, जिसमें टाटा सफारी और टाटा हैरियर को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली थी।

मारुति सुजुकी ने भारत एनसीएपी में सेफ्टी रेटिंग पाने के लिए भारत एनसीएपी में आवेदन किया था, जिसके बाद मारुति के वाहनों को 5-स्टार रेटिंग मिली है। भारत सरकार के सड़क परिवहन और हाईवे मंत्रालय ने अगस्त 2023 में देश में क्रैश टेस्टिंग प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की थी, जिससे भारतीय सड़कों पर सुरक्षित गाड़ियों को उतारा जा सके। सूत्रों के मुताबिक, इसी प्रोग्राम के तहत भारत एनसीएपी ने मारुति सुजुकी की बलेनो, ग्रैंड विटारा और ब्रेजा को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी है।

### ग्लोबल एनसीएपी से अलग है भारत एनसीएपी

भारत एनसीएपी, ग्लोबल एनसीएपी की तर्ज पर ही शुरू हुआ है। भारत एनसीएपी को देश में चलने वाले व्हीकल्स को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। अब भारत, दुनिया के उन 5 देशों में शामिल हो गया है, जो देश अपनी गाड़ियों को खुद सेफ्टी रेटिंग देते हैं। इन देशों में भारत के अलावा यूनाइटेड स्टेटस, चीन, साउथ कोरिया और जापान हैं।



### भारत एनसीएपी ने दी सेफ्टी रेटिंग

भारत एनसीएपी ने साल 2023 के दिसंबर महीने में कारों की क्रैश टेस्टिंग शुरू की, जिसमें टाटा की गाड़ियों को 5-स्टार रेटिंग मिली। भारत एनसीएपी से 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिलने में टाटा की सफारी और हैरियर कार शामिल हैं। इसके अलावा बाकी कार निर्माता कंपनी भी हुंडई और महिंद्रा भी अपने वाहनों पर भारत एनसीएपी से सेफ्टी रेटिंग पाने के लिए कतार में हैं।

### मारुति ने स्विफ्ट के दाम 25,000 रुपए तक बढ़ाए

वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने लोकप्रिय मॉडल स्विफ्ट की कीमत 25,000 रुपए तक बढ़ा दी है। इसके अलावा स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) ग्रैंड विटारा के चुनिंदा मॉडल के दाम भी बढ़ाये गए हैं। मारुति सुजुकी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि स्विफ्ट की कीमत 25,000 रुपए तक बढ़ाई गई है। इसी तरह, ग्रैंड विटारा के सिग्मा वैरिएंट की कीमत 19,000 रुपए तक बढ़ा दी गई है।

### एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर निवेश

**मुंबई।** नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की। बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिये वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
09 विकेट
चेन्नई

**बाउंड्री मीटर**

658 चौके

398 छक्के

## खबर संक्षेप



### विराट कोहली ने की पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में प्रगति

**मुंबई।** चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा कि विराट कोहली द्वारा डिजाइन किए गए 'फिटनेस ब्लूप्रिंट' का पूरे भारतीय क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ा है। अगरकर ने महेंद्र सिंह धोनी को विशुद्ध रूप से मन की सुनने वाला व्यक्ति करार दिया जिसने बहुत पहले ही डाटा और अंतर्दृष्टि को अपनाया। कोहली भले ही 35 साल के हों लेकिन सबसे कठिन फिटनेस ड्रिल करने के मामले में वह किसी से पीछे नहीं हैं। अगरकर ने कहा, 'आप विराट जैसे लोगों को देखें, वह उन लोगों में से एक हैं जो मानक स्थापित करते हैं। अपने करियर में 10-15 वर्षों में वह और भी फिट हो गए हैं और आप परिणाम देख सकते हैं।

### फार्मूला ई को भारत के लिए मिला नया साझेदार



**लंदन।** फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, 'फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।'

### राष्ट्रीय टेटे चैंपियनशिप में महाराष्ट्र का दबदबा



**हैदराबाद।** महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में दबदबा बनाते हुए 11 स्वर्ण समेत 46 पदक जीते हैं और पुरुषों के 50 प्लस वर्ग में 'क्लीन स्वीप' किया है। मनीष रावत को पुरुषों के 50 प्लस वर्ग में स्वर्ण पदक मिला है जबकि मलयकुमार ठक्का और प्रसाद नाईक को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिले। महाराष्ट्र के सुनील बबरास ने पुरुषों के 60 प्लस वर्ग में स्वर्ण पदक बरकरार रखा जबकि प्रकाश केलकर को पुरुषों के 65 प्लस वर्ग में रजत पदक मिला। पुरुषों के एकल 70 प्लस वर्ग में उल्हास शिर्के को स्वर्ण पदक मिला। महिला वर्ग में 50 प्लस श्रेणी में मुनमुन मुखर्जी ने स्वर्ण और सुषमा मोगारे ने कांस्य पदक जीता।

# विश्व एथलेटिक्स का बड़ा ऐलान, ट्रैक एवं फील्ड ओलंपिक चैंपियन को देगा 42 लाख




एजेंसी ▶▶| मोनाको

पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा।

भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ डब्लूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। इस कदम से डब्लूए और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के बीच मतभेद भी पैदा हो सकता है क्योंकि इसे मूल निकाय से औपचारिक मंजूरी नहीं मिली है।




### रजत और कांस्य जीतने पर भी मिलेगी राशि

*48 एथलेटिक्स खेलों में से प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि से पुरस्कृत करने के लिए किया जाएगा। विश्व एथलेटिक्स की इस पहल में 'एलए 2028 ओलंपिक' खेलों में रजत और कांस्य पदक विजेताओं तक विस्तार किए जाने की प्रतिबद्धता शामिल है।'रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे।*

### बाद में होगी 2028 के राशि की घोषणा

2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की संपुष्टि प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीट शामिल होंगे।

### एथलीट बनेंगे सशक्त

को ने कहा कि यह कदम एथलीटों को सशक्त बनाने और किसी भी ओलंपिक खेलों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए डब्लूए की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम कहीं से शुरुआत करें और सुनिश्चित करें कि ओलंपिक खेलों में हमारे एथलीटों द्वारा उत्पन्न राजस्व का कुछ हिस्सा सीधे उन लोगों को लौटाया जाए जो खेलों को वैश्विक स्तर का बनाते हैं।'

### डब्लूए देगा पुरस्कार राशि

डब्लूए ने एक बयान में कहा, 'विश्व एथलेटिक्स...ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। डब्लूए पेरिस में इस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सफलता के शिखर को प्राप्त वाले एथलीटों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत करेगा।'

### 18.63 अरब रुपए आंवटित

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय निकाय और समग्र रूप से एथलेटिक्स के खेल के लिए एक 'महत्वपूर्ण क्षण' है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 18.63 अरब रुपए) को पुरस्कार के लिए दिया गया है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है।

# रोमांचक मुकाबले में जीता गुजरात, राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हराया; राशिद-तेवतिया ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आईपीएल में 24वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स राजस्थान और गुजरात टाइटंस गुजरात के बीज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हरा दिया। मैच के आखिरी पलों में राहुल तेवतिया और राशिद खान ने टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवर में रॉयल्स ने 196 रन बनाए। सबसे ज्यादा 76 रन रियाग पराग ने बनाए। कप्तान संजु सैमसन ने 68 रन बनाए। इसके पहले ओपनर जोश बटलर (8) और यशस्वी जायसवाल (24) रन बनाकर आउट हुए।

लीग में अब तक राजस्थान रॉयल्स अवीजित है। उसे कोई टीम हरा नहीं पाई है। टीम की 4 मैच में 4 जीत है। राजस्थान रॉयल्स टेबल टॉपर है। उसके 4 जीत के साथ 8 पॉइंट्स है। वहीं, गुजरात टाइटंस टेबल में 7वें पायदान पर है। उसे 5 मैचों में से 2 में ही जीत नसीब हुई है। 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। उसके पास 4 अंक है। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स का पलड़ा ही भारी दिख रहा है। राजस्थान के रॉयल्स के पास फॉर्म और लगातार मिल रही जीत का उत्साह है। उसकी बैटिंग और बॉलर्स दोनों अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। इधर, गुजरात को पिछले 2 मुकाबलों में हार मिली है। वह हार की हैट्रिक को रोकना चाहेगी। जबकि जीत के रथ पर सवार राजस्थान एक फिर से अपने घर में गुजरात के शेरों का धूल चटाने की कोशिश करेगी।

दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक 5 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें 4 बार गुजरात ने बाजी मारी है जबकि एक मैच में राजस्थान रॉयल्स को जीत मिली। इस लिहाज से गुजरात आगे है लेकिन वर्तमान फॉर्म तो रॉयल्स के साथ है।



**खास खबर**

### कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश की नेपोम्नियाश्चि के साथ बढ़त



**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को एक कड़े मुकाबले में हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। डबल राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के नौ दौर अभी बाकी है। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाश्चि 3.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाश्चि के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा और नकामूरा 2.5 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं जबकि गुजराती के दो अंक हैं। अलीरजा और अबासोव 1.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर हैं। महिला वर्ग में चारों मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली ने अन्ना मुजिचुक से और कोनेरू हम्पी ने रूस की अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना से ड्रॉ खेला।

### फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे नीरज



**नई दिल्ली।** सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेहनिंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेहनिंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था।

### आत्मविश्वास, घरेलू स्तर पर कड़ी मेहनत से मिली सफलता

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स की नई खोज शशांक सिंह ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में नए खिलाड़ियों को मिल रही सफलता के पीछे उनका आत्मविश्वास और घरेलू क्रिकेट में की गई अपार मेहनत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शशांक ने 25 गेंद में 46 रन बनाए और आशुतोष शर्मा ने 15 गेंद में 33 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम दो रन से चूक गई। शशांक ने इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ नाबाद 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी। हार के बावजूद प्रशंसा के पात्र बने शशांक ने कहा, 'आत्मविश्वास सबसे जरूरी है। जिस तरह से हम घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सनराइजर्स के नीतिश रेड्डी को देखिए जो घरेलू क्रिकेट में हर प्रारूप में रन बनाता और विकेट लेता है।'रेड्डी ने सनराइजर्स के लिए 37 गेंद में 64 रन बनाए। केकेआर के अंगकृष रघुवंशी भी अच्छी पारियां खेलने में कामयाब रहे हैं। शशांक ने कहा, 'हम जिस तरह से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। नीतिश, अंगकृष और आशुतोष ने मुश्ताक अली, विजय हजारे और रणजी ट्रॉफी में रन बनाए हैं। आप इन खिलाड़ियों को गुमनाम कह सकते हैं लेकिन घरेलू सर्किट में ये जाने माने नाम हैं। इन्होंने घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेला है और आईपीएल में उनका प्रदर्शन उसका ईनाम है। इस स्तर पर क्रिकेट आत्मविश्वास का ही खेल है।'



**पंजाब किंग्स की नई खोज छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह का खुलासा**

## आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया। आनंदी ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'यह जीत इस खेल में मेरी कड़ी मेहनत को दर्शाती है। यह खेल के प्रति मेरी उत्साह को दिखाता है।'

# श्रीजेश के शानदार खेल के बावजूद ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से हारा भारत

एजेंसी ▶▶| पर्थ

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार खेल के बावजूद भारत बुधवार को यहां तीसरे पुरुष हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक गोल की बढ़त गंवाकर 1-2 से हार गया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

पहले दो टेस्ट में 1-5 और 2-4 से हारने वाली भारतीय टीम की रक्षापंक्ति और अग्रिम पंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया। यह भारतीय रक्षापंक्ति के विरुद्ध लगातार आक्रमण करने वाले ऑस्ट्रेलिया की अग्रिम पंक्ति के बीच पारंपरिक मुकाबले की तरह था जिसमें आखिरकार भारतीय रक्षापंक्ति हार गई। जुगराज सिंह ने मैच के 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई लेकिन जेरेमी हेवर्ड (44वें और 49वें) ने दो गोल करके मेहमान टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और ऑस्ट्रेलिया को लगातार तीसरी जीत दिला दी। श्रृंखला का चौथा टेस्ट शुक्रवार को खेला जाएगा।




## कि से हारे लक्ष्य सेन पहले दौर से बाहर

**निंगबो।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शि यू कि से हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 15-21 से पराजय झेलनी पड़ी। भारत के प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में हार गए। उन्हें आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया के ली जि जिया ने 21-9, 21-13 से हराया। महिला युगल में रूतुपर्णा और श्वेतपर्णा पांडा भी चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त झांग शू शियान और झेंग यू डब्लू से 8-21, 12-21 से हार गई।



**साक्षी का खुलासा, बच्चे के साथ खेलने कूदने के लिए नहीं रहता समय**

# धोनी को साक्षी ने दिया था टेस्ट से रिटायरमेंट का सुझाव

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

आईपीएल 2024 में 42 साल के महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 16 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन की तूफानी पारी खेली थी। इस उम्र में भी धोनी की तरफ से गजब की फिटनेस देखने को मिल रही है। उन्होंने सीजन शुरू होने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपकर सभी को चौंका दिया था। यह पहली बार नहीं है जब धोनी ने इस तरह का कोई फैसला लिया हो।

इससे पहले भी कई मौकों पर उन्होंने बड़े फैसले अचानक से किए, जब किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। चाहे वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास हो या वनडे-टी20 की कप्तानी छोड़ना या फिर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास। धोनी ने अचानक फैसला लेकर कई बार चौंकाया है। 2014 में धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लिया था। तब टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर थी और माही के इस फैसले से फैंस हैरान रह गए थे। हालांकि, टेस्ट से उनके संन्यास लेने की असली वजह तब किसी को नहीं पता चल पाया था। अब इसकी वजह का खुलासा हुआ है।




### वीडियो में क्लिप में हुआ खुलासा

धोनी की पत्नी साक्षी ने खुलासा किया है कि विश्व कप विजेता कप्तान ने टेस्ट क्रिकेट से इतनी जल्दी संन्यास क्यों ले लिया था। एक फैन ने हाल ही में चेपॉक में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के आईपीएल मैच के दौरान, एक पुरानी क्लिप साझा की, जिसमें वह 2014 में टेस्ट क्रिकेट से धोनी की अप्रत्याशित संन्यास के बारे में बात करती दिखीं। साक्षी इस वीडियो में क्लिप में कहती हैं, 'जब वह टेस्ट क्रिकेट छोड़ रहे थे तो हमें इस बात का संकेत था कि वह पद छोड़ने वाले हैं। मुझे यह भी याद है कि मैंने उनसे कहा था, 'अगर आप बच्चा चाहते हैं तो आपको कम से कम एक फॉर्मेट से हट जाना चाहिए क्योंकि आपके पास अपने बच्चे के साथ खेलने कूदने या मौज मस्ती करने का वक्त नहीं होगा।

### एक दूसरे का करते हैं सम्मान

*वीडियो में साक्षी घर के अंदर का माहौल भी दिखाती और बताती हैं। साक्षी ने विश्व कप विजेता कप्तान से शादी करने के त्याग और खुशियों पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'लोग मुझसे कहते हैं कि मुझे उनकी पत्नी होने के नाते बहुत त्याग करना पड़ा। मैं कहती हूं, 'ऐसा कुछ नहीं है, यह सब प्यार है'। जब आप प्यार में होते हैं, तो आप इसे त्याग नहीं कह सकते।' साक्षी की प्रतिक्रिया से यह बात साफ है कि वह और धोनी एक दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। इसका जिक्र तो धोनी खुद कई बार कर चुके या दर्शा चुके हैं।*

## केजरीवाल सरकार में मंत्री आनंद ने दिया इस्तीफा

# बोले- भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है आप पार्टी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी के रुख पर सवाल उठाए। उनके पास समाज कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि वो किसी पार्टी में नहीं जा रहे हैं। आनंद ने कहा कि मैं राजकुमार आनंद मैं दिल्ली सरकार में मंत्री हूं, मेरे पास 7 पोर्टफोलियो है लेकिन आज मैं बहुत व्यथित हूं इसलिए मैं आपको अपना दुख साझा करने आया हूं। मैं राजनीति में तब आया था जब अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलेगी लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि राजनीति तो नहीं बदली लेकिन राजनेता बदल गए। आम आदमी पार्टी का जन्म भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था लेकिन आज पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मंत्री पद पर रहकर इस सरकार में रहकर काम असहज हो गया है, मैं इस पार्टी, इस सरकार से इस्तीफा दे रहा हूं क्योंकि मैं भ्रष्ट आचरणों में अपना नाम नहीं जुड़ना चाहता। मैं नहीं समझता कि हमारे पास शासन करने की कोई नैतिक ताकत बची है। गौर हो कि भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने वाले आनंद के कई ठिकानों पर नवंबर में ईडी ने छापा मारा था। वहीं, आप सांसद संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि आनंद जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे।



नवंबर में आनंद के घर पड़ा था ईडी का छापा

## 2021 के चुनावों की हकीकत कनाडा के जांच आयोग ने बताई

# ट्रूडो के उड़े होशः जांच आयोग ने कहा भारत नहीं चीन ने किया था हस्तक्षेप

एजेंसी ⏭ टोरंटो

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उस समय होश उड़ गए जब उन्ही के देश ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया कि कनाडा में हुए 2021 के चुनाव में भारत का कोई हस्तक्षेत नहीं था। भारत में बेमतलब शक किया गया। हकीकत तो यह है कि इस पूरे मामले में चीन का हाथ है। आयोगी की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जस्टिन ट्रूडो द्वारा जीते गए 2021 के चुनावों में भारत ने नहीं, बल्कि चीन ने हस्तक्षेप किया था। यह रिपोर्ट इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वह कनाडा की एजेंसियों ने ही तैयार की है। ऐसे में जस्टिन ट्रूडो को अब अपने आरोपों पर कुछ तो शर्म जरूर आ रही होगी, जो भारत पर बेबुनियाद तौर पर आशंका जाहिर कर रहे थे।

- रिपोर्ट के बाद विपक्ष ने ट्रूडो को घेरा

> कनाडा में 2021 के चुनाव मे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए कहा था कि चुनावों में भारत हस्तक्षेप कर रहा है। जांच आयोग ने इस मामले की जांच की तो पता चला कि भारत नहीं चीन का हाथ है।

**खास बातें**

- बेबुनियाद आरोप लगाने वाले पीएम जस्टिन ट्रूडो हुए शर्मसार
- कनाडा के अधिकारियों ने कहा-भारत पूरी तरह बेदाग



**कनाडा भारतीय मामलों में करता है हस्तक्षेप**

यह रिपोर्ट सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रूडो पर वार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा- हमने मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, कनाडाई आयोग विदेशी हस्तक्षेपों की जांच कर रहा है... हम कनाडाई चुनावों में भारतीय हस्तक्षेप के ऐसे निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। अन्य देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना भारत सरकार की नीति नहीं है। इसके विपरीत, यह कनाडा है, जो हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। गौरतलब है कि नवीनतम निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं जब ट्रूडो द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बाद भारत और चीन के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

**विपक्ष के दबाव में गठित हुई थी जांच**

*विपक्षी विधायकों के दबाव के बाद जस्टिन ट्रूडो ने विदेशी हस्तक्षेप पर एक जांच आयोग का गठन किया था। इसमें चीन की संभावित भूमिका पर रिपोर्ट आने से ट्रूडो नाखुश हैं। पहले आरोप लगाया गया था कि भारत ने 2021 के इस चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास किया था, जिसे जस्टिन ट्रूडो ने 2021 में जीता था। मगर चुनावों की निगरानी करने वाले कनाडाई अधिकारियों के एक पैनल ने ऐसे आरोपों को खारिज कर दिया। हालांकि इसमें यह बात सामने आई कि 2019 और 2021 में हुए चुनावों में भारत ने नहीं, बल्कि चीन ने हस्तक्षेप किया था।*

**निज्जर मामले में कनाडा लगा चुका है भारत पर आरोप**

*पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स में अपने भाषण के दौरान खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। इस आरोप ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों पर एक महत्वपूर्ण असर डाला है। दोनों देशों ने वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और भारत ने कुछ समय के लिए वीजा संचालन रोक दिया था। तब से, दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की, लेकिन राजनयिक क्षेत्र में बहुत कम प्रगति देखी गई है।*

**कनाडा के अधिकारियों ने भारत को दी क्लीन चिट**

आरोपों की जांच पूरी होने पर अब खबर आई है कि जांच में शामिल अधिकारियों को भारत का कोई एंगल नहीं मिला, लेकिन, जांच के नतीजों में पाया गया कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने चुनावों को प्रभावित किया था। उम्मीद थी कि प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो एक सरकारी वकील के सामने पेश होंगे। एक चुनाव अधिकारी ने जांच पैनल को बताया, मुझे नहीं लगता कि अभियान में उन उपकरणों का उपयोग करने वाली भारत सरकार के खिलाफ कोई सबूत है। वहीं भारत भी कनाडा के चुनावों में अपने किसी भी हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर चुका है।

## बाइडेन ने इजराइली पीएम को लगाई फटकार

बोले- नेतन्याहू बहुत बड़ी गलती कर रहे हो

# गाजा में ईद पर भूख भारी... खुशी के त्योहार पर भी बरस रही बारूद

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

गाजा में भूख ईद-उल-फितर उत्सव पर भूख भारी है और खुशी के त्योहार पर भी बारूद बरस रहे हैं। रमजान का महीना तो बम धमाकों में गुजरा है, लेकिन ईद भी सुकून नहीं ला पाई है। गाजा में बच्चे भूख से मर रहे हैं। इससे खफा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा में युद्ध से निपटने के लिए प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के तरीके को फटकार लगा दी। उन्होंने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने की बात भी कही। जिससे इजराइल पर गाजा युद्ध को रोकने का दबाव काफी बढ़ गया है। वहां के हालात बदतर हो गए हैं, जिसकी वजह से अमेरिका और इजराइल के बीच में दूरी आ गई है।



**संघर्ष विराम पर सहमत हो इजराइल**

*बाइडेन ने मदद पहुंचाने वाले ग्रुप वर्ल्ड किचन सेंटर के काफिले पर हमले के दो दिन बाद 3 अप्रैल को आयोजित एक साक्षात्कार में बताया कि इजराइली प्रधानमंत्री जो कर रहे हैं, वो सही नहीं है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल को संघर्ष विराम पर सहमत होना चाहिए, संकट से जूझ रहे गाजा को अगले छह से आठ सप्ताह के लिए सहायता मिलनी चाहिए और क्षेत्र के अन्य देशों को सहायता वितरित करने में मदद करने की अनुमति देनी चाहिए।*

**इजराइल के हमले से गाजा पट्टी बर्बाद**

*पिछले 6 महीने में इजराइली हमले ने गाजा पट्टी को बर्बाद कर दिया है। जिससे बाइडेन प्रशासन ने इजराइल के साथ और ज्यादा सख्त रुख अपनाया है। कई सहयोगी देशों ने अब खुलकर इजराइल का विरोध करना शुरू कर दिया है। बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी है और कहा है कि इजराइली हमला, गाजा में अकाल के लिए जिम्मेदार है। वह जो कर रहे हैं, वह एक गलती है।*

## आयरलैंड के नए पीएम चुने गए साइमन हैरिस



**डबलिन।** आयरलैंड में देश की सत्तारूढ़ फाइन गेल पार्टी ने साइमन हैरिस को नया प्रधानमंत्री चुना है। सांसद साइमन हैरिस मंगलवार को संसद में मतदान के जरिए आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए। महज 37 साल की उम्र में आयरलैंड का पीएम बन हैरिस ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। हैरिस ने आयरलैंड की तीन दलों की गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में लियो वराडकर की जगह ली है। वराडकर ने पिछले महीने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। वराडकर की सरकार में हैरिस उच्च शिक्षा मंत्री थे।

## मुख्य विपक्षी पार्टी का दावा

# मालदीव में चीन अपना सीक्रेट नौसैनिक अड्डा कर रहा तैयार

एजेंसी ⏭ माले

हिंद महासागर में रणनीतिक बढ़त हासिल करने के एजेंडे के तहत क्या चीन ने मालवीद में एग्रीकल्चर प्रोजेक्ट की आड़ में सीक्रेट नौसैनिक अड्डा बनाने का काम शुरू कर दिया है। चीन शायद कृषि परियोजना की आड़ में मालदीव में गुप्त रूप से नौसैनिक अड्डा बनाने के मौके पर नजर गड़ाए हुए है। विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष फैयाज इस्माइल ने दावा किया है कि चीन, उथुरु-थिला-फाल्हू एटोल पर एक सैन्य परियोजना पर काम कर सकते हैं।



**मालदीव में चीन का सीक्रेट नौसैनिक अड्डा!**

फैयाज इस्माइल ने दावा किया है कि पिछले महीने 28 मार्च को चीन हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी ने मालदीव औद्योगिक विकास मुक्त क्षेत्र के साथ एक समझौता किया है। जिसने श्रीलंका में घाटे में चल रहे हंबनटोटा बंदरगाह को 99 सालों के लिए लीज पर ले लिया है। ये भारत के लिए खतरा हो सकता है।

**खबर संक्षेप**

### ईद पर पाक का चीन को तोहफा, हो गया शांत



**इस्लामाबाद।** ईद के मौके पर पाकिस्तान ने चीन को सुरक्षा का तोहफा दिया है। मार्च महीने में खैबर पख्तूनवा के सांगला इलाके में चीनी इंजीनियरों पर हुए आतंकवादी हमले पर ड्रैगन के कड़े रुख को देखते हुए पाक प्रशासन ने खुफिया एजेंसी आईएसआई को आरोपों से बचाने के लिए हमले की सारी लापरवाही का ठीकरा अपने बड़े पुलिस अफसर पर ठोक दिया है। जांच के बाद पाक ने 5 अधिकोरियों को सस्पेंड कर दिया।

### दुनिया को अहसास करा रही यूएस नेतृत्व की स्थिति



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से व्हाइट हाउस में पूछा गया कि क्या दुनिया में अमेरिकी नेतृत्व की स्थिति कमजोर हो रही है। सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके संबंधों को देखें, तो हम अपनी स्थिति को देखकर अच्छा महसूस करते हैं।

## नेपाल में फिर उठी हिंदू राष्ट्र की मांग

# प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे कहा- देश में राजशाही लौटे

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल में एक बार फिर से हिंदू राष्ट्र की मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सैकड़ों प्रदर्शनकारी इसके लिए नारे लगा रहे हैं। वे देश में फिर से राजशाही लागू करने की मांग कर रहे हैं। बुधवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। वे प्रधानमंत्री ऑफिस और दूसरी सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बांस-बल्लों, आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। यह प्रदर्शन नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेतृत्व में हो रहा था। इस दौरान लोगों ने नारे लगाते हुए कहा कि हम अपने देश और राजा से अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हैं। गणतंत्र को खत्म कर राजशाही वापसी होनी चाहिए।



## फोर्ब्स ने जारी की ताकतवर देशों की लिस्ट

# 2024 में 'दुनिया' के दस सबसे ताकतवर देश में अमेरिका टॉप पर, भारत 12वें स्थान पर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फोर्ब्स ने इस साल के दुनिया के सबसे ताकतवर देशों की सूची जारी की है। इसमें 10 सबसे ताकतवर देश हैं। यह रैंकिंग उनकी वैश्विक स्थिति और असर की बड़ी जांच के बाद दी जाती है। हर देश की शक्ति कई पहलुओं में उसकी शक्ति का संकेत देती है। भारत 12वें स्थान पर है।

*__अमेरिकाः__ अमेरिका वैश्विक महाशक्ति, प्रौद्योगिकी, वित्त और मनोरंजन में अग्रणी है। अमेरिका तकनीकी कंपनियों का घर है।*
*__चीनः__ चीन दूसरे स्थान पर है। चीन विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और 5जी में महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति कर रहा है।*
*__रूसः__ रूस अपने विशाल प्राकृतिक संसाधनों और सैन्य क्षमताओं से वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।*
*__जर्मनीः__ जर्मनी यूरोपीय संघ की हरित ऊर्जा पहल में अग्रणी है।*
*__ब्रिटेनः__ लंदन स्टार्टअप के लिए एक केंद्रीय केंद्र है।*
*__दक्षिण कोरियाः__ दक्षिण कोरिया प्रौद्योगिकी और नवाचार में वैश्विक नेता बना हुआ है।*
*__फ्रांसः__ फ्रांस अपने डिजिटल परिवर्तन और हरित ऊर्जा पहल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।*
*__जापानः__ जापान अपनी कारों और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए जाना जाता है।*
*__सऊदी अरबः__ पेट्रोलियम उत्पादन सऊदी अरब की संपत्ति है। इसके पास दुनिया का 17 प्रतिशत कच्चा तेल भंडार है।*
*__संयुक्त अरब अमीरातः__ यूएई अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यूएई वैश्विक तेल उद्योग में भी एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है।*

## भारत के हैं बड़े समर्थक

# अमेरिकी सांसद शरमन ने की पीएम मोदी की प्रशंसा

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत में 2014 से हुई आर्थिक प्रगति एवं विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की है। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी भारत का चेहरा बन गए हैं।

अमेरिकी संसद में भारत के बड़े समर्थकों में से एक माने जाने वाले ब्रेड शरमन ने कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। ब्रेड शरमन ने कहा कि रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध, भारत और अमेरिका के संबंधों के लिए एक चुनौती हैं। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय केवल एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वो सभी भारत को और अधिक सफल देश बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

## चाबहार के बाद चीन के दोस्त म्यांमार से हुई बड़ी डील

# विदेशी धरती पर भारत को मिला एक और बंदरगाह पर अधिकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान के बाद भारत को विदेश धरती पर एक और बंदरगाह ऑपरेट करने का अधिकार हासिल हो गया है। ये देश, चीन का दोस्त रहा है। भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के बाद म्यांमार के सिटवे पोर्ट में अपना दूसरा विदेशी बंदरगाह संचालित करने का अधिकार सुरक्षित कर लिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कालादान नदी पर स्थित पूरे बंदरगाह के संचालन को संभालने के लिए इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल (आईपीजीएल) के एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।




**म्यांमार में भारत के अधिकार में आया बंदरगाह**

*इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट और दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट के बीच एक संयुक्त उद्यम है। इसे विदेशों में बंदरगाहों के विकास के लिए शिपिंग मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत जनवरी 2015 में बनाया और शामिल किया गया था।*

**पिछले साल हुआ था सिटवे बंदरगाह का उद्घाटन**

पिछले साल मई में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और म्यांमार के उपप्रधानमंत्री एडमिरल टिन आंग सान ने संयुक्त रूप से सिटवे बंदरगाह का उद्घाटन किया था और पहले भारतीय मालवाहक जहाज का स्वागत किया था। म्यांमार और चीन के बीच काफी अच्छे संबंध हैं, खासकर म्यांमार में सैन्य शासन स्थापित होने के बाद म्यांमार में चीन ने काफी घुसपैठ की है। म्यांमार के सैन्य शासन को चीन का आशीर्वाद मिला है और ऐसी रिपोर्ट है, कि म्यांमार अपना एक द्वीप, चीन को सैन्य अड्डा बनाने के लिए भी दे सकता है। जो भारत के लिए खतरा साबित हो सकता है।

**यह लिंक बनेगी वैकल्पिक मार्ग**

यह लिंक न सिर्फ पूर्वोत्तर राज्यों में माल भेजने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि कोलकाता से मिजोरम और उससे आगे तक सामान ढोने में होने वाली लागत और दूरी को भी काफी कम कर देगा। इससे सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भरता भी कम हो जाएगी, जिसे चिकन नेक के नाम से जाना जाता है, जो भूटान और बांग्लादेश के बीच स्थित है।

## जे-20 स्टील्थ उतारा

# लद्दाख के पास चीनी हॉटन एयरबेस का दूसरा रनवे भी हुआ एक्टिवेट



एजेंसी ⏭ बीजिंग

लद्दाख की सीमा के पास चीन ने अपनी आक्रामकता को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। चीन ने हाल ही में भारत के पूर्वी लद्दाख क्षेत्र के पास स्थित हॉटन एयर बेस पर अपना दूसरा रनवे सक्रिय कर दिया है। रिपोर्ट विश्लेषक डेमियन साइमन ने दी है।

**एलएसी पर चीन बढ़ा सकता है सैन्य गतिविधियां**

भारत के कुछ डिफेंस एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस रनवे का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद चीन इस क्षेत्र में और भी ज्यादा आसानी से सैनिकों और हथियारों की तैनाती कर सकता है, जिससे क्षेत्र में तनाव और भी ज्यादा बढ़ेगा। इसके अलावा, नए हॉटन रनवे के साथ नए एप्रन और सैन्य भवन भी बनाए गए हैं। इस पर भारत के लेफ्टिनेंट जनरल राकेश शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि हॉटन एयरबेस, टकलामकन रेगिस्तान के तारिम बेसिन में है।

# सुबह 8:30 नमाज, तड़के 4 बजे से ही ट्रैफिक बदला, शाम 6 बजे गणगौर की सवारी, परकोटे में नहीं जा पाएंगे वाहन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आज ईद और गणगौर की सवारी पर यातायात पुलिस ने बनाया ट्रैफिक प्लान, इन रास्तों से बचकर निकलें शहर के परकोटे में गुरुवार को गणगौर माता की सवारी निकाली जाएगी। ये सवारी 11 व 12 अप्रैल को शाम 6 बजे जनानी ड्योढ़ी से शुरू होगी। डीसीपी ट्रैफिक सागर राणा ने बताया कि सवारी के दौरान नगर परिषद की मोरी से सिटी पैलेस की तरफ, आतिश मार्केट व सार्दुल सिंह की नाल की तरफ, चीनी की बुर्ज से आतिश बाजार व सिटी पैलेस की तरफ सभी प्रकार का यातायात बंद रहेगा।

रामगढ़ मोड़ से भारी वाहन व मध्यम वाहन जोरावर सिंह गेट की तरफ नहीं जा सकेंगे। गढ़ गणेश चौराहा व चौगान स्टेडियम की तरफ से गणगौरी बाजार होकर नहीं जा सकेंगे।

संजय सर्किल से ई-रिक्शा, तांगा, ठेला, बस चांदपोल बाजार होकर नहीं जा सकेंगे। किशनपोल बाजार होकर छोटी चौपड़ की तरफ ई-रिक्शा, रिक्शा, तांगा, बस व मिनीबस का आवागमन बंद रहेगा।

चांद दिखाई देने पर ईदुल फितर की नमाज के दौरान ईदगाह मस्जिद में भारी संख्या में लोग एकत्रित होंगे। नमाज सुबह 8:30 बजे होगी। इस दौरान तड़के 4 बजे से नमाज समाप्त होने तक वाहन डायवर्ट किए जाएंगे। आमेर कुण्डा की ओर से आने वाले वाहन सड़वा मोड़ से जमवारामगढ़ रोड पर डायवर्ट।

आगरा रोड की तरफ से आने वाले वाहनों को रिंग रोड से डायवर्ट करेंगे। दिल्ली की ओर से आने वाली बसें कलेक्ट्री सर्किल, खासाकोठी होते हुए सिन्धी कैम्प आएंगी। सिन्धी कैम्प से पानीपेच, चौमूं तिराहा, रोड नम्बर 14 वीकेआई की तरफ जाएंगे।

ईदगाह पर नमाज के दौरान टीपी नगर से धोबीघाट चौराहा तक सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

जौहरी बाजार में नमाज के दौरान बडी चौपड़-सांगानेरी गेट से डायवर्ट।

एमडी रोड पर नमाज के दौरान मिनर्वा सर्किल से म्यूजियम रोड के बीच पार्किंग निषेध रहेगी। इस दौरान यातायात डायवर्ट किया जाएगा।

### जयपुर में पथराव करने वाले 10 बदमाशों का निकाला जुलूस

# फटे कपड़ों में 2 कीमी नंगे पैर घुमाया, 2 दिन पहले एक परिवार पर फेंके थे पत्थर



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में 600 वर्ग गज जमीन पर कब्जे को लेकर पथराव करने वाले बदमाशों पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है, ताकि ऐसी घटना दोबारा नहीं हो। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने 9 अप्रैल को 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 अप्रैल को पुलिस ने इनका जुलूस निकाला। इन सभी आरोपियों को मालपुरा गेट थाने से पैदल चलाकर उसी जगह पर ले जाया गया, जहां इन लोगों ने 8 अप्रैल को पथराव कर खौफ फैलाया था। साथ ही पुलिस इनको पैदल चलाकर कोर्ट लेकर गई, तब बदमाशों के सिर शर्म से झुके थे।

## इन बदमाशों ने फेंके थे पत्थर

एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुभाष चंद और जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू फौजी निवासी उच्चैन भरतपुर, नंद किशोर निवासी चाकसू, रामजीलाल निवासी सवाई माधोपुर, सुरेश निवासी शिवदासपुरा, महेन्द्र निवासी निवासी लालसोट, नरेन्द्र निवासी पीपलू-टोंक, जयसिंह नरूका निवासी चाकसू, चन्दन कुमार निवासी रामनगरिया, यसपाल सिंह निवासी मथुरा गेट भरतपुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि बुधवार को सभी आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर तस्दीक कराई गई।

## 600 वर्ग गज जमीन को लेकर विवाद

एसीपी शर्मा ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में 600 वर्ग गज जमीन को सुभाष चंद मदेरणा ने 29 दिसंबर 2023 को श्रवण और मोनिका से रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदा था। खरीदी गई जमीन का अलग खसरा है। 19 जनवरी को भी जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें सुभाष ने सुईवाल परिवार के खिलाफ मालपुरा गेट थाने में शिकायत दी थी।

## परिवार पर बरसाए पत्थर, इलाके में फैलाया खौफ

सांगानेर के दादाबाड़ी इलाके में 8 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे 50-60 लोग ट्रैक्टर में आए। हाथों में डंडा, सरिया, पत्थर लेकर आए इन लोगों ने एक परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान इन बदमाशों ने जमकर पथराव किया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें 10 से ज्यादा बदमाश पत्थर फेंकते नजर आ रहे थे। इस घटना के बाद इलाके में खौफ का माहौल हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

### पेट्रोल पंप पर फायरिंग, सैल्समेन के पेट में लगी गोली

# बंदूक के बट से दूसरे का फोड़ा सिर, बाइक सवार तीन बदमाशों ने की वारदात

**गंगापुर सिटी।** बाइक सवार तीन बदमाशों ने मंगलवार रात 50 रुपए का पेट्रोल भरवाने के बाद पंप के सेल्समैनों पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक सेल्समैन के पेट में गोली लग गई। जिसे इलाज के ?लिए जयपुर रेफर किया गया है। वहीं, दूसरे सेल्समैन पर बंदूक के बट से हमला करने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर वजीरपुर थाना अधिकारी और एसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटना गंगापुर सिटी जिले के उपखंड वजीरपुर के एक पेट्रोल पंप पर हुई।

जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार 3 लोगों ने पहले 50 रुपए का पेट्रोल भरवाया और मौका मिलने ही लूट की नियत से गाड़ी से उतरकर सेल्समैनों पर हमला कर दिया। लुटेरे पेट्रोल पंप पर बने केबिन के अंदर भी घुस गए। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फायरिंग कर दी। जिसमें एक पेट्रोल पंप कर्मी श्रवण पुत्र अशोक निवासी हाथीपुरा को पेट में गोली लगी, वहीं दूसरे सेल्समैन कालेखान ने बचाव का प्रयास किया तो उसके सिर पर बंदूक के बट से हमला कर बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना पर वजीरपुर थाना अधिकारी विजय सिंह छोकर, जिला पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को वजीरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### आईपीएल-2024 में राजस्थान रॉयल्स की पहली हार

# एसएमएस स्टेडियम में दर्शकों ने गाया वंदे मातरम; पुलिस के सामने आईपीएल मैच के टिकट-पास हुए ब्लैक

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला गया। जयपुर में बारिश के कारण टॉस में देरी हुई। 7 बजे की जगह 7.25 बजे टॉस हुआ। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 196 रन बनाए। 197 रन के टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात ने आखिरी बॉल पर 3 विकेट से जीत हासिल की। इस सीजन राजस्थान की यह पहली हार है। राजस्थान ने इस सीजन अब तक 5 मैच खेले हैं और इनमें से 4 में जीत हासिल की है। राजस्थान ने पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स, दूसरे में दिल्ली कैपिटल्स, तीसरे में मुंबई इंडियंस और चौथे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को



हराया है, जबकि गुजरात के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा।

राजस्थान के बॉलर युजवेंद्र चहल का यह आईपीएल का 150वां मुकाबला था। इस मुकाबले में चहल ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। चहल ने गुजरात के कप्तान गिल को स्टंप आउट कराया और विजय शंकर को बोल्ड किया।

## राशिद खान ने लगाया विनिंग शॉट

गुजरात टाइटंस ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हरा दिया। गुजरात के राशिद खान ने आखिरी बॉल पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। राशिद 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 72 रन, साई सुदर्शन ने 35 रन, राहुल तेवतिया ने 22 रन की पारी खेली।

राजस्थान के लिए कुलदीप सेन ने 3, युजवेंद्र चहल ने 2 और आवेश खान ने 1 विकेट लिया। गुजरात का 1 खिलाड़ी रन आउट हुआ।

## बारिश के कारण मैच रुका

राजस्थान के 197 रन के टारगेट के जवाब में गुजरात ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बना लिए। इसी दौरान हल्की बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण मैच रोकना पड़ा।

## गुजरात को 197 रन का टारगेट

राजस्थान रॉयल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। रियान पराग ने 48 बॉल पर 76 और कप्तान संजू सैमसन ने 38 बॉल पर नाबाद 68 रन की पारियां खेलीं। शिमरॉन हेटमायर 13 रन पर नाबाद रहे।

इन दोनों के अलावा जोस बटलर 8 और यशस्वी जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए। उमेश यादव, राशिद खान और मोहित शर्मा को एक-एक विकेट मिला।

## कॉम्प्लिमेंट्री पास और टिकटों की जमकर कालाबाजारी


आईपीएल के चौथे मैच में पुलिस की सख्ती के बावजूद भी कॉम्प्लिमेंट्री पास और टिकटों की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। स्टैंड के कॉम्प्लिमेंट्री पास को दोगुनी रेट में बेचा जा रहा है।

# रियासतकालीन परंपराः लवाजमे के साथ इसलिए निकलती है शाही सवारी... आज पढ़िए इतिहास की रोचक घटनाएं

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में 264 साल और जैसलमेर में 200 साल से अकेली गणगौर की सवारी निकल रही, क्योंकि तब ईसर को दूसरी रियासतें उठा ले गईं... पीहर में बीकानेरी गणगौर

गणगौर की सवारी आज भी राजस्थान की संस्कृति और परंपरा को साकार कर रही है। जयपुर में 264 साल, जैसलमेर में 200 और बीकानेर में 500 साल से अकेले ही गणगौर की सवारी निकाली जा रही है, क्योंकि यहां से ईसर को दूसरी रियासतों ने लूट लिया था। हर रियासत माता पार्वती व शिव के स्वरूप में पूजी जाने वाली ईसर गणगौर को सोने-चांदी व जेवरात सजाकर शाही लवाजमे के साथ नगर में सवारी निकालते थे। इसे रियासत की तरक्की और शान के रूप में देखा जाता था। इसी वजह से एक राजा दूसरी रियासत पर हमला कर अपनी शक्ति के बल पर सवारी जबरन उठा ले जाते थे।



**महंत ने सवारी निकालने के लिए महाराजा को ईसर गणगौर नहीं दी तो, जयपुर से ईसर उठा किशनगढ़ रियासत ले गए**

264 साल से जयपुर में अकेली गणगौर माता की शाही लवाजमे के साथ सवारी निकाली जा रही है। किशनगढ़ के ये पांच राजा रूपसिंह, मानसिंह, राजसिंह, सावंतसिंह और सरदार सिंह थे, जिन्होंने रूपनगढ़ पर राज किया। राघराने ने रूपनगढ़ को भी गणगौर दी थी, लेकिन राजघराने में चर्चा के बाद रूपनगढ़ के किले की बजाय रूपश्याम मंदिर में रखवा दी थी।

जब महाराज बहादुर सिंह ने गणगौर की सवारी निकालने के लिए ईसर गणगौर मांगी तो मंदिर के महंत ने यह कहते हुए असमर्थता जताई कि आप हमेशा के लिए रख लो और लौटाओ नहीं तो। इसके बाद किशनगढ़ के महाराजा बहादुर सिंह ने जयपुर जाकर ईसरजी को उठा लिया और किशनगढ़ किले में ले आए। ऐसे में आज भी जयपुर में निकलने वाली सवारी में ईसरजी की मूर्ति नहीं होती, सिर्फ गणगौर होती है। इस घटना के बाद से किशनगढ़ में ईसर और गणगौर की साथ में सवारी निकाली जाती है।

### गोचर बनी गौ श्मशान

# कमजोर गायें और बछड़े एक साथ, रोज मर रहे 2-3 पशु, जिम्मेदार बोले-मौत की वजह पेट में प्लास्टिक



राजस्थान की राजनीति

**बाड़मेर।** बाड़मेर बाड़मेर नगर परिषद की ओर से संचालित नंदी गोशाला में गोवंश भगवान भरोसे है। यहां कागजों में 1800-1900 गायें हैं, लेकिन हाल ये है कि यहां नंदी गोशाला ट्रस्ट की ओर से गायों की समय पर न तो देखरेख हो रही है और न ही इसकी मॉनिटरिंग है। ऐसे में छोटे-बड़े सभी गोवंश एक साथ रखे हुए हैं। बीमार व कमजोर गायों की लगातार मौत हो रही है, लेकिन इलाज के नाम यहां कुछ नहीं है। केवल एक कम्पाउंडर है, जो इंजेक्शन लगाने का काम करता है, जबकि बीमार गोवंश की अलग से देखरेख भी नहीं हो रही है। ऐसे में कई दिनों तक उठ नहीं पाने से पशुओं की तड़प-तड़प कर मौत हो रही है। इसको लेकर अब कई लोग लगातार नाराजगी भी जता रहे हैं, लेकिन सुनने को कोई तैयार नहीं है। नंदी गोशाला की भास्कर टीम ने पड़ताल की तो सामने आया कि यहां लगातार गोवंश मौत के शिकार हो रहे हैं। हर रोज 2-3 गोवंश दम तोड़ रहे हैं। नंदी गोशाला में रोज चारा डालने आने वाले भामाशाह और अन्य लोगों ने भास्कर को बताया कि पिछले लंबे समय से गोशाला में गायों की तड़प-तड़प कर मौत हो रही है। हम भी परेशान है, लेकिन यहां ट्रस्ट की देखरेख ही नहीं है।

मॉनिटरिंग नहीं होने से गोवंश मर रहा है। छोटे-बड़े पशु एक साथ रखे हुए हैं। बाड़मेर. नंदी गौ शाला में गायों के बाड़े पर पड़ा मृत पशु पास खड़ी अन्य गायें, दूसरी तस्वीर गोचर भूमि की हैं, यहां मृत पशुओं को दफन किया जाता है । नगर परिषद बाड़मेर ने मृत पशुओं को उठाने के लिए कुछ समय पहले ही ठेका दिया है, लेकिन मृत पशुओं को डालने के लिए जमीन नहीं है। ऐसी स्थिति में पिछले एक-डेढ़ साल से नंदी गोशाला में मौत होने पर पशुओं को गोशाला की दीवार से महज 50-100 मीटर की परिधि में ही जेसीबी से 8-10 फीट गहरा गड्ढा खोद कर एक साथ 4-5 पशुओं को दफनाया जा रहा है।

ये कहें कि पूरे पहाड़ी इलाके की गोचर भूमि खोदेंगे तो गोवंश के कंकाल ही कंकाल मिलेंगे। गडरारोड सड़क के पास पूर्व में मृत पशुओं को डालने के लिए जगह थी, लेकिन वहां की जमीन नगर परिषद ने भाजपा कार्यालय व अन्य कॉलोनियों की नीलामी के लिए जारी कर दी। ऐसे में वहां से मृत पशुओं को डालना करीब डेढ़ साल पहले बंद करवा दिया। जमीन आवंटन के लिए फाइल पिछले एक साल से नगर परिषद, एसडीएम और कलेक्टर के बीच घूम रही है, लेकिन जमीन नहीं मिली है। जबकि नगर परिषद ने मृत पशुओं को उठाने के लिए टेंडर दे रखा है।

### फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलाल और पीटीआई गिरफ्तार

# एसओजी का OPJS यूनिवर्सिटी कैंपस में सर्च, फर्जी डिग्री, खेल प्रमाणपत्र और रिकॉर्ड किए जब्त

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसओजी ने फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलालों और 1 पीटीआई को गिरफ्तार किया है। एसओजी की 5 टीमों ने बुधवार को चूरू जिले के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान एसओजी को वहां से फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र मिले। एसओजी ने इन दस्तावेजों के साथ ही यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड को जब्त किया है और जयपुर मुख्यालय लेकर आई है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनको सूचना मिली कि सुभाष पूनिया (52) पुत्र गुरुदयाल निवासी बेरासर घुमाना थाना राजगढ़ (चूरू), उसका बेटा परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) अपने साथियों के साथ मिलकर कई यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री, फर्जी खेल प्रमाण पत्र, फर्जी मेडल और बैक डेट में एडमिशन दिलाने का काम संगठित गिरोह के रूप में करता है। वीके सिंह ने बताया- सूचना पर एसओजी ने शिकायत दर्ज की और जांच एडिशनल एसपी सतनाम सिंह को दी। जांच में सामने आया कि आरोपी सुभाष पूनिया कई यूनिवर्सिटी के दलाल के रूप में काम करता है। वह विशेष रूप से चूरू जिले के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में दलाली करता है। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर बैक डेट में फर्जी डिग्री, मेडल और प्रमाण पत्र जारी करवाता है। साथ ही फर्जी डिग्री और प्रमाण पत्र का सत्यापन शिक्षा विभाग में कार्यरत कुछ स्टाफ और यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर करवाता है। इस पर एसओजी ने एफआईआर दर्ज की।

## एसओजी ने डिकॉय ऑपरेशन कर पकड़े बदमाश

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- इस मामले



की जांच एडिशनल एसपी एसओजी धर्माराम गिल्ला को दी गई। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए एसओजी ने डिकॉय ऑपरेशन की योजना बनाई गई। योजना के तहत एक व्यक्ति को लाइब्रेरियन की डिग्री बैक डेट में दिलाने की बात करने के लिए आरोपी सुभाष पूनिया के पास भेजा। यह सौदा 50 हजार में तय हुआ और सुभाष के कहने पर 20 हजार एडवांस के रूप में उसके बेटे परमजीत के खाते में डाले गए। पैसे डालने के कुछ दिनों के बाद आरोपी सुभाष ने लाइब्रेरियन की फर्जी डिग्री वॉट्सऐप पर भेज दी। 9 अप्रैल को आरोपी सुभाष ने मूल डिग्री ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के पास राजगढ़ में देना तय किया। इस पर एडिशनल एसपी धर्माराम गिल्ला भी उस व्यक्ति के साथ गए। मुलाकात के दौरान आरोपी सुभाष ने बताया कि संबंधित डिग्री सरदार शहर में प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र अमरचंद शर्मा निवासी वार्ड नं. 25, पुगलसर बास सरदारशहर (चूरू) के पास है। आरोपी ने बाकी के पैसों की मांग की, इस पर एसओजी ने सुभाष को मौके से ही डिटेन कर लिया। इसके बाद टीम ने सुभाष के घर पर सर्च किया। इस दौरान दूसरी टीम सरदारशहर पहुंची और प्रदीप शर्मा को फर्जी डिग्री के साथ डिटेन किया। तीसरी टीम धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में एसआई ईश्वर प्रसाद थाना बसेड़ी के नेतृत्व में गठित की गई, जिसने परमजीत पुत्र सुभाष पूनिया हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) को उसके घर से कुछ दस्तावेजों के साथ डिटेन किया और एसओजी टीम को सौंप दिया।

## सुभाष फर्जी डिग्री करवाता है प्रिंट

एसओजी को जांच में यह भी पता चला है कि सुभाष पूनिया राजगढ़ में बस स्टैंड के पास स्थित शेखावटी प्रिंटर्स नामक दुकान से फर्जी डिग्रियां प्रिंट करवाता है। इसकी जांच के लिए चौथी टीम सुनील कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनगढ़ चौकी एसओजी के निर्देशन में गठित की गई। चौथी टीम ने शेखावटी प्रिंटर्स के संचालक राकेश( 40) पुत्र काशीराम शर्मा निवासी वार्ड नं. 27 राजगढ़ (चूरू) से पूछताछ की गई और दुकान में मौजूद लैपटॉप और कम्प्यूटर को जब्त किया गया।

फर्जी डिग्री के आधार पर इन लोगों ने ली नौकरी

-गणपत लाल पुत्र मोहनलाल, निवासी जाखल (सांचौर) हाल पीटीआई राजकीय उच्च प्राथमिक शाला सीलोसन।

-विक्रम पुत्र नरपत राम कोहलानियों की ढाणी, चितलवाना (जालोर) हाल पीटीआई राजकीय उच्च प्राथमिक शाला वार्ड नं. 2 कोलियों की गढ़ी, होतिगांव

-नरेन्द्र पुत्र मोतीराम, निवासी दाता पोस्ट सरनाऊ (सांचौर) हाल पीटीआई सांचौर

## परीक्षा में डमी कैंडिडेट भी बैठाया

जांच में सामने आया है कि इन लोगों ने पीटीआई की योग्यता के लिए ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से न केवल फर्जी बीपीएड की डिग्री प्राप्त की, बल्कि परीक्षा में डमी कैडीडेंट भी बैठाया। इसकी एसओजी अलग से जांच कर रही है।

### कर्मचारी चयन बोर्ड ने 338 अभ्यर्थियों पर प्रतिबंध लगाया

# राजस्थान में सरकारी भर्ती परीक्षा नहीं दे सकेंगे, 14 कैंडिडेट्स को दिया 29 अप्रैल तक का समय

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल और फर्जीवाड़ा करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। बोर्ड ने 338 अभ्यर्थियों पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद यह अभ्यर्थी राजस्थान में होने वाली किसी भी सरकारी भर्ती परीक्षा में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इनमें से किसी को भी प्रदेश के किसी सरकारी विभाग में नौकरी नहीं मिलेगी। पिछले एक साल में एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों को बोर्ड इस तरह बैन लगा चुका है।

उधर, बोर्ड ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में फर्जी स्पोट्?र्स सर्टिफिकेट जमा करने वाले 14 अभ्यर्थियों की लिस्ट भी जारी की है। इनको बोर्ड ने 29 अप्रैल तक अपना पक्ष रखने का मौका दिया है। अगर बोर्ड को 29 अप्रैल तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो बोर्ड इन अभ्यर्थियों पर भी प्रतिबंध लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई करेगा।

बोर्ड की पिछले दिनों आयोजित भर्ती परीक्षा में इन 338 अभ्यर्थियों के नकल और फर्जीवाड़ा करने की शिकायतें सामने आई थीं। इनमें सबसे ज्यादा 240 अभ्यर्थियों पर फर्जी डिग्री जमा करने का आरोप है, जबकि 92 अभ्यर्थियों पर गलत तरीके से परीक्षा पास करने और 6 अभ्यर्थियों पर डमी कैंडिडेट बैठाने का आरोप है। इसकी जांच के बाद कर्मचारी चयन बोर्ड ने बड़ा एक्शन लेते हुए सभी 338 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की और आजीवन प्रतिबंध लगा दिया।

यह सभी अभ्यर्थी राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित पीटीआई भर्ती परीक्षा 2018, लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा 2018, एग्रीकल्चर सुपरवाइजर 2018, आरपीएससी सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा 2022, ग्रेड थर्ड टीचर, एलडीसी, पटवारी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के हैं।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन आलोक राज ने बताया-राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में इन सभी अभ्यर्थियों ने नकल और फर्जीवाड़ा किया था। बोर्ड ने इन सबके खिलाफ जांच की। इसमें ये सभी अभ्यर्थी दोषी पाए गए हैं। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड ने इन सबके खिलाफ सख्त एक्शन लिया है, ताकि भविष्य में कोई भी अभ्यर्थी इस तरह प्रतियोगी परीक्षा में नकल और फर्जीवाड़ा करने से पहले 100 बार सोचे।

# पाली में भाजपा की नाक का सवालः यहां बेटे के लिए पूर्व सीएम गहलोत मैदान में, कोटा में साख की लड़ाई, जालौर-सिरोही में कांग्रेस का 'वैभव' दांव पर

राजस्थान की राजनीति

**पाली।** जालोर-सिरोही में यह चुनाव 2 वजह से खास है। पहली-पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव अपनी सीट छोड़ जालोर-सिरोही से लड़ रहे हैं। दूसरी, भाजपा ने 3 बार से सांसद देवजी पटेल का टिकट काटकर सिरोही भाजपा के 2 बार जिलाध्यक्ष रहे लुंबाराम चौधरी को मैदान में उतारा है। सांसद देवजी पटेल विधानसभा चुनाव में जमानत तक नहीं बचा पाए थे।

लुंबाराम हर सभा व रैली में एक सामान्य कार्यकर्ता व घर के सदस्य की तरह ही वोट मांग रहे हैं। दिलचस्प यह भी है कि इस सीट



से वैभव और लुंबाराम का यह पहला चुनाव है। गहलोत किसी भी सूरत में बेटे की हार नहीं चाहते, इसलिए नामांकन के आखिरी दिन टिकट नहीं मिलने से बगावत कर बसपा से नामांकन भरने वाले जालोर जिला उपाध्यक्ष लालसिंह धानपुर का नामांकन वापस करवाने में भी वे कामयाब रहे।

## पाली; कांग्रेस के सामने विस की जीत दोहराने की चुनौती

भाजपा ने तीसरी बार वर्तमान सांसद पीपी चौधरी को टिकट दिया है। कांग्रेस ने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल को मैदान में उतारा है। यह सीट दोनों ही पार्टियों के लिए अहम क्यों है? जवाब है-विधानसभा चुनाव में पाली सीट से कांग्रेस ने 25 साल बाद भाजपा को हराने में कामयाबी हासिल की। चौधरी मोदी के नाम पर वोट मांग रहे, तो संगीता खुद को बेटी बता रही हैं। यहां से कांग्रेस 8, भाजपा 6 बार जीती है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in ( * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।